www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 349 । नर्मदापुरम, गुरुवार 27 मार्च 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

जनपद पंचायत केसला में ग्राम डांडीवाड़ा से वाटर शेड यात्रा का आरंभ — पृष्ठ 2

▸ एक बार ईदगाह पढ़िए मोदीजी
▸ ट्रम्प की 2 अप्रैल की डेडलाइन के करीब आने से भारतीय दवा उद्योग तनाव में — पृष्ठ 4

▸ टीकमगढ़ में 5 करोड़ का गेहूं जब्त, लिमिट से 6 गुना ज्यादा माल मिला, 55 ट्रक सील — पृष्ठ 6

पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा सभी जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क मिलेगी — पृष्ठ 8

सुप्रीम ने खारिज की याचिका, पेड़ों की कटाई पर की शख्त टिप्पणी, कहा-

# पेड़ों की कटाई मानव हत्या से भी गंभीर अपराध

## 1 लाख रुपये प्रति पेड़ जुर्माना बसूलने का आदेश

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने पेड़ों की अवैध कटाई को मानव हत्या से भी गंभीर अपराध बताया है और कहा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों के प्रति कोई दया नहीं दिखाई जानी चाहिए। अदालत ने अवैध रूप से काटे गए प्रत्येक पेड़ के लिए 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाने का भी आदेश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्जल भुयान की पीठ ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि बिना अनुमति पेड़ काटने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके साथ ही अदालत ने ताज ट्रैपेजियम ज़ोन में 454 पेड़ काटने वाले



शिव शंकर अग्रवाल की याचिका खारिज कर दी और उनके खिलाफ सख्त रुख अपनाया।

पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता एडीएन राव की इस दलील को स्वीकार किया कि पर्यावरणीय अपराधियों को यह स्पष्ट संदेश दिया जाना चाहिए कि वे कानून और प्रकृति की अनदेखी नहीं कर सकते। इस फैसले से सुप्रीम कोर्ट ने

## पर्यावरणीय अपराधियों को कड़ा संदेश

पेड़ों की अवैध कटाई पर जुर्माने की दर तय कर दी है। अदालत ने कहा, पर्यावरणीय अपराधों में कोई दया नहीं। बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई मानव हत्या से भी गंभीर अपराध है। 454 पेड़ों द्वारा बनाए गए हरित क्षेत्र को पुनः विकसित करने में कम से कम 100 साल लगेंगे। जबकि इस अदालत द्वारा 2015 से इस क्षेत्र में पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध लगाया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय सशक्त समिति की रिपोर्ट को स्वीकार किया, जिसमें पेड़ों की अवैध कटाई के लिए प्रति पेड़ 1 लाख रुपये जुर्माना लगाने की सिफारिश की गई थी। जिसे उच्च न्यायालय ने स्वीकार कर लिया। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी,



जो अग्रवाल का पक्ष रख रहे थे, ने अदालत से जुर्माना कम करने और अन्य स्थान पर वृक्षारोपण की अनुमति देने की अपील की। लेकिन, अदालत ने जुर्माना राशि कम करने से इनकार कर दिया, लेकिन उन्हें पास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण करने की अनुमति दी।

# दुष्कर्म पर इलाहाबाद हाई कोर्ट की टिप्पणी असंवेदनशील

- हाई कोर्ट के हालिया फैसले पर रोक लगाई
- केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस हालिया फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें दुष्कर्म मामले में विवादास्पद टिप्पणी करते हुए अदालत ने आरोपी को बरी कर दिया था। शीर्ष अदालत ने स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे संवेदनशीलता की कमी बताया और उत्तर प्रदेश तथा केंद्र सरकारों को नोटिस जारी किया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मामला मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के निर्देशों के अनुसार स्वतः संज्ञान में लिया गया है। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, हम हाईकोर्ट के आदेश को देखकर स्तब्ध हैं। इसमें कुछ टिप्पणियां बेहद कठोर और असंवेदनशील हैं। खासकर आदेश के पैरा 24, 25 और 26 पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाए हैं। पीठ ने यह भी बताया कि पीड़िता की मां ने इस मामले में न्याय की गुहार लगाते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि उनकी याचिका को भी इस मामले के साथ जोड़ा जाए। शीर्ष अदालत ने कहा कि फैसला जल्दबाजी में नहीं लिया गया था, बल्कि इसे चार महीने तक रिजर्व रखने के बाद सुनाया गया। इसके बावजूद इसमें गंभीर संवेदनहीनता देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही, सॉलिसिटर जनरल और अटॉर्नी जनरल को इस मामले में अदालत की सहायता करने को कहा गया है। इससे पहले इस मामले पर दिल्ली महिला आयोग की पूर्व प्रमुख और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल तथा केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की थी।

## आरोपियों को बरी करने का आदेश दिया था

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक मामले में अहम फैसला सुनाते हुए कहा था कि नाबालिग लड़की के गुप्तांगों को स्पर्श करना और उसे पुलिया के नीचे खींचने को बलात्कार या बलात्कार की कोशिश नहीं माना जा सकता है। अदालत ने यह टिप्पणी एक 11 साल की बच्ची के साथ हुई घटना की सुनवाई के दौरान की और आरोपियों को बरी करने का आदेश दिया।

नेता प्रतिपक्ष का आरोप : अलोकतांत्रिक तरीके से चलाई जा रही संसद

# मुझे लोकसभा में बोलने नहीं दिया जाता



ये नया तरीका है। लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष की जगह होती है। यहां विपक्ष की जगह है ही नहीं। यहां सिर्फ सरकार की जगह है : राहुल गांधी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को स्पीकर पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं जब भी लोकसभा में अपनी बात रखने के लिए खड़ा होता हूं, तो मुझे बोलने नहीं दिया जाता। संसद अलोकतांत्रिक तरीके से चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं मिलता है। संसद केवल सरकार के लिए चल रही है। इस बीच विपक्ष के 70 सांसद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मिले। सांसदों ने स्पीकर से अपनी नाराजगी जताई।

राहुल गांधी ने कहा कि मुझे नहीं पता कि क्या हुआ। मैं खड़ा हुआ और कहा कि मुझे बोलने दीजिए। स्पीकर एक शब्द नहीं बोले, घूमकर चले गए। हाउस एडजर्न (सदन स्थगित) कर दिया गया। मैंने कुछ नहीं किया। मैं बिल्कुल शांति से बैठा था। अभी भी मैंने एक शब्द नहीं बोला। पिछले 7-8 दिन में मैंने कुछ नहीं बोला है। ये नया तरीका है। लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष की जगह होती है। यहां विपक्ष की जगह है ही नहीं। यहां सिर्फ सरकार की जगह है। उस दिन प्रधानमंत्री जी ने कुंभ मेले के बारे में बोला। मैं कहना चाहता था कि कुंभ बहुत अच्छा हुआ। बेरोजगारी के बारे में बोलना चाहता था, लेकिन बोलने नहीं दिया। पता नहीं इनकी क्या सोच, क्या अप्रोच है? सच्चाई यही है कि हमें बोलने नहीं दिया जा रहा।

## राहुल नियम के तहत सदन में व्यवहार करें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को नसीहत दी कि वह नियम 349 के तहत पालनीय नियमों के अनुसार सदन में व्यवहार करें। श्री बिरला ने शून्यकाल पूरा होने पर करीब एक बजे श्री गांधी की ओर इशारा करके कहा, सदन के सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे सदन की मर्यादा और शालीनता के उच्च मापदंडों को बनाए रखें। मेरे संज्ञान में कई ऐसी घटनाएं आई हैं कि सदस्यों के आचरण सदन की उच्च परंपराओं और मापदंडों के अनुरूप नहीं हैं।

# महादेव ऐप मामले में सीबीआई ने 60 ठिकानों पर मारे छापे



- भूपेश बघेल के घर पर भी की रेड
- 4 राज्यों में की छापेमारी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** बहुचर्चित महादेव बेटिंग ऐप मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को छत्तीसगढ़ और दिल्ली के अलावा मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल तथा पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में 60 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे।

जिन स्थानों पर छापेमारी हुई है उनमें राजनेताओं, वरिष्ठ नौकरशाहों, पुलिस अधिकारियों, महादेव बुक के प्रमुख पदाधिकारियों और इस मामले में संदिग्ध अन्य निजी व्यक्तियों से जुड़े परिसर शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके 2 ओएसडी रहे आशीष वर्मा और मनीष बंछोर, उनकी सेक्रेटरी रही सौम्या चौरसिया के घर पर भी रेड की गई। इस मामले की जांच पहले छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) कर रही थी, लेकिन कई बड़े सरकारी अधिकारियों की संलिप्तता की आशंका के बाद इसे सीबीआई को सौंप दिया गया।

## भूपेश के घर के बाहर पुलिस से भिड़े समर्थक

भूपेश के घर के बाहर बड़ी संख्या में मौजूद समर्थकों ने कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी झड़प भी हो गई। इस दौरान कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गाड़ियों को रोकने की कोशिश की और जमकर हंगामा किया। सीबीआई की कार्रवाई को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस गुरुवार को प्रदेशभर में भाजपा सरकार का पुतला दहन करेगी।

# सुकमा में 9 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पीएलजीए बटालियन नंबर 1 और जगरगुंडा एरिया कमेटी की 6 महिलाओं समेत 9 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। इन नक्सलियों के ऊपर 26 लाख रुपए का इनाम घोषित था। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण, एएसपी उमेश गुप्ता और सीआरपीएफ अधिकारियों के सामने इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। ये सभी नक्सली कई बड़ी वारदातों में शामिल थे। पूना नर्कोम अभियान से प्रभावित और बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव के रवैए से परेशान होकर इन्होंने आत्मसमर्पण किया। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि आज 9 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिसमें छह महिलाएं भी शामिल हैं। ये नक्सली बड़ी घटनाओं में शामिल थे और इनके ऊपर 26 लाख रुपए का इनाम भी घोषित था। सभी नक्सलियों को 25-25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई है। इसके साथ ही कपड़े दिए गए और मिठाई भी खिलाई गई। इन सभी को सरकार की आत्मसमर्पण नीति के तहत जो लाभ हैं, वे दिए जाएंगे। हाल ही में छत्तीसगढ़ के बीजापुर और नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों के अभियान के बाद 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया था। इनमें से छह पर कुल 11 लाख रुपए का इनाम था।

**26 लाख का इनाम घोषित था**

जून से होगी नई सुविधा की शुरुआत

# एटीएम से भी हो सकेगी पीएफ की निकासी

- एनपीसीआई से भी मिल गई है मंजूरी
- तत्काल 1 लाख तक निकाल सकेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) मई के अंत या जून 2025 की शुरुआत तक एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है। इस नए बदलाव के साथ ईपीएफओ के सदस्य यूपीआई और एटीएम के जरिए तत्काल अपना भविष्य निधि (पीएफ) निकाल सकेंगे। इस अपडेट के साथ कर्मचारियों को अब अपनी पीएफ बचत तक पहुंचने के लिए लंबी और समय लेने वाली प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना पड़ेगा।

इस पहल को श्रम और रोजगार मंत्रालय के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है और इसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से मंजूरी मिल गई है। इस कदम से देशभर के लाखों ईपीएफओ सदस्यों को पहले से बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है। श्रम और रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने कहा कि कर्मचारी तत्काल 1 लाख रुपए तक निकाल सकेंगे। उन्होंने बताया कि सदस्य सीधे यूपीआई प्लेटफॉर्म पर अपना पीएफ बैलेंस भी देख सकेंगे और बिना किसी देरी के अपने पसंदीदा बैंक खातों में फंड ट्रांसफर कर सकेंगे। इससे कर्मचारियों के लिए जरूरत के समय अपने पैसे तक पहुंच आसान हो जाएगी।

## शिक्षा, विवाह के लिए धन निकाल सकेंगे

इसके अलावा, ईपीएफओ अपने सदस्यों के लिए पीएफ बचत निकालने के कारणों में भी विस्तार कर रहा है। चिकित्सा आपात स्थितियों के अलावा, कर्मचारी अब आवास, शिक्षा और विवाह के लिए धन निकाल सकेंगे। डावरा ने कहा, ईपीएफओ ने 120 से अधिक डेटाबेस को इंटीग्रेट कर अपने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा सुधार किया है। इन प्रयासों ने क्लेम प्रोसेसिंग समय को केवल तीन दिनों तक कम कर दिया है, अब 95 प्रतिशत क्लेम ऑटोमेटिकली प्रोसेस हो रहे हैं। सिस्टम को अधिक कुशल बनाने के लिए आगे के अपग्रेड पर काम चल रहा है।

## सार-समाचार

### पाकिस्तानी महिला हुमारा को वापस भेजा गया

**अनूपगढ़, एजेंसी।** भारत की सीमा में प्रवेश करने वाली पाकिस्तानी महिला को मंगलवार को वापस उसके देश भेज दिया गया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तानी महिला हुमारा को अनूपगढ़ की बिंजोर पोस्ट से पाकिस्तान के सुपुर्द किया। इस दौरान बीएसएफ के अधिकारियों और पाकिस्तान रेंजर्स के बीएसआर रैंक के अधिकारियों के बीच फ्लैग मीटिंग भी हुई। महिला से पूछताछ और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद, बीएसएफ की 23वीं वाहिनी के अधिकारियों ने हुमारा को उचित प्रक्रियाओं के तहत पाकिस्तान रेंजर्स को सौंप दिया। इस दौरान महिला पुलिस की भी मौजूदगी रही।

### सहकारिता विवि विधेयक लोकसभा में ध्वनिमत से पारित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा ने प्रशिक्षित श्रमबल के सहयोग से देश में सहकारिता को बढावा देने के लिए पेश 'त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक-2025' को बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सहकारिता देश के हर क्षेत्र और हर परिवार से ताल्लुक रखता है, हर गांव में सहकारिता की इकाइयां हैं। सहकारिता कृषि विकास, ग्रामीण विकास से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि सहकारिता की मजबूती से देश की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, इससे स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### विदेश मंत्रालय ने खारिज की अमेरिकी पैनल की रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर संयुक्त राज्य आयोग (यूएससीआईआरएफ) द्वारा जारी 2025 की वार्षिक रिपोर्ट को खारिज करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। मंत्रालय ने अमेरिकी पैनल को लेकर कहा कि यूएससीआईआरएफ को एक चिंता का विषय के तौर पर घोषित किया जाना चाहिए। ये रिपोर्ट एक बार फिर से पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित है। साथ ही मंत्रालय ने कहा कि यह भारत के बहुसांस्कृतिक समाज पर गलत आरोप लगाती है।

### 'सौगात-ए-मोदी' अभियान ऐतिहासिक : मुस्लिम राष्ट्रीय मंच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी ने मुस्लिम, सिख और ईसाई समुदायों के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए एक बड़े जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की है। इस पहल के तहत, गरीब और जरूरतमंद लोगों को ईद, बैसाखी और ईस्टर के अवसर पर एक विशेष त्योहार किट प्रदान की जाएगी, जिसे सौगात-ए-मोदी नाम दिया गया है। इस किट में सूखे मेवे, बेसन, सूजी, सेवईं, चीनी और महिलाओं के लिए सलवार-कुर्ता सेट शामिल होगा। सरकार और भाजपा इस पहल के माध्यम से 32 लाख जरूरतमंदों तक पहुंचने का लक्ष्य रख रही है।

### निर्भया कोष बंद नहीं है : मंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि निर्भया कोष को बंद नहीं किया गया है और इसी के तहत अभी 49 योजनाएं चल रही है। केन्द्रीय मंत्री ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस कोष के लिए धनराशि की कमी नहीं है क्योंकि आवश्यकता अनुसार धनराशि दी जाती है। इसी कोष के तहत वन स्टॉप सेंटर भी चलाये जा रहे हैं। देश में अभी 812 सेंटर संचालित है और अब तक 10 लाख से अधिक महिलाओं को इस सेंटर से मदद मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि संकटग्रस्त या पीड़ित महिलाएं इस सेंटर में पहले पांच दिन रह सकती हैं और आवश्यकता होने पर रहने की अवधि में 10 दिनों की वृद्धि की जाती है।

### गरीब कैदी जुर्माने या जमानत बांड के लिए सरकार से ले सकते हैं पैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने जुर्माना या जमानत बांड देने में असमर्थ गरीब कैदियों के लिए विशेष योजना में 20 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है और अब तक 12 राज्य इसके लिए 22 लाख रू से अधिक की राशि ले चुके हैं। गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने बुधवार को राज्य सभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय ने वर्ष 2023 में 'गरीब कैदियों को सहायता' योजना शुरू की थी। इस योजना को लागू करने के तहत राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के लिए जून 2023 में विस्तृत 'दिशानिर्देश और मानक संचालन प्रक्रिया' जारी की गई थी।

### चुनाव आयोग ने बीएलओ का प्रशिक्षण शुरू किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को राजधानी में बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) के पहले प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। भारतीय अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन संस्थान में आयोजित इस कार्यक्रम में निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित थे। वर्तमान में, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के 109 बीएलओ इस दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। साथ ही, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु के 24 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी और 13 जिला निर्वाचन अधिकारी भी इसमें भाग ले रहे हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदाता सूचियों को त्रुटि रहित रूप से अद्यतन करने में जिला निर्वाचन अधिकारियों और बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए इस बात पर बल दिया कि राज्य सरकारों को उप जिलाधिकारी (एसडीएम) स्तर के या समकक्ष अधिकारियों को ईआरओ के रूप में नामित करना चाहिए।

राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन में बोले मुख्यमंत्री

# सहकारिता आंदोलन को 4 वर्ष में नए मुकाम पर पहुंचाएंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अब सहकारिता क्षेत्र में व्यवस्थाएं काफी पारदर्शी हैं और मध्यप्रदेश में सहकारिता के विभिन्न आयामों पर कार्य किया जाएगा। आने वाले चार वर्ष में सहकारिता आंदोलन को नए मुकाम पर पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुजरात में दूध पर बोनस की जिस तरह व्यवस्था है, मध्यप्रदेश भी इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश में मत्स्य पालन के लिए काफी बड़ा क्षेत्र है और हाल ही में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भी उद्योग क्षेत्र के साथ सहकारिता ने कार्य करने की पहल की है। मध्यप्रदेश में सहकारिता आंदोलन को गति दी जा रही है। डॉ. यादव ने बुधवार को समन्वय भवन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सहकारिता विभाग में नवनियुक्त सहकारी निरीक्षकों के नियुक्ति पत्र भी दिए।

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार सर्वजन कल्याण के संकल्पों के साथ कार्य कर रही है। वर्तमान में पंचायत से लेकर मंत्रालय तक पारदर्शितापूर्ण कार्य शैली के कारण अन्य क्षेत्रों के



साथ सहकारी क्षेत्र में समृद्ध हुआ है। इसके पहले कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. यादव ने सहकारी ध्वजारोहण कर अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के वार्षिक कैलेंडर, पैक्स कार्य मैन्युअल और सहकारिता में सहकार, पैक्स पुनर्गठन और व्यवसाय संवर्धन के महत्वपूर्ण परिपत्रों की पुस्तिका का विमोचन किया। इसके साथ ही उन्होंने माइक्रो एटीएम पखवाड़े का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पैक्स, दुग्ध सहकारी संस्थाओं और मत्स्य पालक सहकारी संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान किए। इन संस्थाओं में विदिशा, इंदौर और खरगोन की संस्थाएं शामिल हैं।

अपर मुख्य सचिव सहकारिता अशोक बर्णवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव मत्स्य पालन डी.पी. आहूजा, राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक आलोक कुमार सिंह, आयुक्त सहकारिता मनोज पुष्प, नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय की मुख्य महा प्रबंधक श्रीमती सी. सरस्वती एवं बड़ी संख्या में प्रदेश की सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि, जिला सहकारी बैंक, अपेक्स बैंक, पैक्स, दुग्ध एवं मत्स्य समितियों के साथ ही सहकारिता विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज कुमार गुप्ता ने आभार माना। कार्यक्रम का संचालन अरविंद बौद्ध ने किया।

## सहकारिता विभाग में हो रहे नवाचार : सारंग

सम्मेलन को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश सहकारिता क्षेत्र में अग्रणी हो रहा है। हाल ही में जीआईएस-भोपाल में नया अध्याय जोड़ा गया जब सीपीपीपी अर्थात को-ऑपरेटिव पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप का विषय सामने आया। सहकारिता विभाग में कई नवाचार भी किए जा रहे हैं। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के अनुरूप कार्य किया जा रहा है।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### इटारसी स्टेशन से भी मिलेगी दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु-दानापुर साप्ताहिक स्पेशल

**इटारसी, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में, गाड़ी दानापुर - एसएमवीटी बेंगलुरु-दानापुर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

गाड़ी संख्या 03259 दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु साप्ताहिक एक्सप्रेस 27 मई तक प्रत्येक मंगलवार को दानापुर स्टेशन से दोपहर 15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए सुबह 7:30 बजे इटारसी स्टेशन एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद तीसरे दिन दोपहर 14:30 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 03260 एसएमवीटी बेंगलुरु-दानापुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 29 मई तक प्रत्येक गुरुवार को रात 23:50 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु स्टेशन से प्रस्थान कर, तीसरे दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए सुबह 6 बजे इटारसी स्टेशन एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद तीसरे दिन रात 23:55 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज छिवकी, सतना, जबलपुर, इटारसी जं., नागपुर जं., सेवाग्राम, चंद्रपुर, बल्हारशाह, वारंगल, विजयवाड़ा जं., गुडुर जं., पेरंबूर, कटपाडी जं., जोलारपेट्टई जं., बंगारपेट जं., व्हाइटफील्ड, एसएमवीटी बेंगलुरु पर रुकेगी।

### मां ने बेटे पर मारपीट कर घर का सामान जलाने की शिकायत की

**इटारसी, देशबन्धु।** केसला थानांतर्गत पारिवारिक झगड़े में मां ने बेटे पर मारपीट कर घर-गृहस्थी के सामान में आग लगाने और दूसरे पक्ष ने भी अपने भाई के खिलाफ मारपीट की शिकायत की। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण पंजीबद्ध लिया है। केसला पुलिस के अनुसार केसला के चार खंभा के पास निवासी श्रीमती बैजंती बाई पति फूलचंद सराठे 55 वर्ष ने केसला थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि सुभाष पिता फूलचंद सराठे 32 वर्ष ने उससे मारपीट कर गृहस्थी के सामान में आग लगा दी। आगजनी में घर का करीब 95 हजार रुपए का सामान जलकर राख हो गया। फरियादी और आरोपी आपस में मां-बेटे हैं। इधर सुभाष पिता फूलचंद सराठे ने शिकायत दर्ज करायी है कि प्रद्युम्न पिता फूलचंद सराठे 26 वर्ष ने उसके साथ गाली गलौच करके मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी है। केसला पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

### किसान खेत पाठशाला में बताये नरवाई जलाने के नुकसान

**इटारसी, देशबन्धु।** समीपस्थ ग्राम बेगनिया और दमदम में प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम के तहत किसान खेत पाठशाला में किसानों को नरवाई जलाने के नुकसान बताए और उनके स्थान



पर विकल्पों की जानकारी देकर कृषि विभाग के अधिकारियों ने विभागीय योजनाएं भी बतायीं। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जयश्री देशमुख, कृषि विकास अधिकारी गोदावरी बडौले, सहायक पशु चिकित्सक डॉ. सुरायाजी और अन्य किसान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बताया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम होती है, जिससे फसलों की पैदावार कम होती है और लागत अधिक आती है। इस समस्या का समाधान करने शासन द्वारा नर्मदापुरम जिले की 10 पंचायतों में प्रेरणा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत किसानों को नरवाई न जलाने के लिए गांव गांव जाकर किसान खेत पाठशाला का आयोजन कर प्रेरित किया जा रहा है। इसके अलावा, किसानों को सुपर सीडर, पूसा डिकंम्पोसर जैसे उपकरणों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यक्रम में विभाग की योजनाओं चेपकटर, पावर स्प्रे पंप, सूरजमुखी के बीज के बारे में भी किसानों को जानकारी दी गई।

### चैत्र नवरात्रि के मौके पर श्री माता महाकाली मंदिर में चौंसठ खप्पर घट स्थापना होगी

**इटारसी, देशबन्धु।** चैत्र नवरात्रि और श्रीराम नवमी के पावन मौके पर श्री माता महाकाली मंदिर प्रांगण सोनासांवरी नाका इटारसी में श्री चौंसठ खप्पर एवं घट स्थापना 30 मार्च, रविवार को प्रात:



9 बजे की जाएगी। 3 अप्रैल, गुरुवार को रात्रि 9 बजे ज्वारे दर्शन एवं महाआरती होगी। आयोजन के दौरान 6 अप्रैल, रविवार को हवन होगा, 7 अप्रैल को भंडारा प्रसाद वितरण एवं 8 अप्रैल को ज्वारे विसर्जन शोभायात्राप्रात: 7 बजे से निकलेगी। मंदिर उत्सत समिति की ओर से बताया गया है कि जो भी श्रद्धालु खप्पर रखना चाहते हैं, वे 29 मार्च तक मंदिर में आकर संपर्क कर सकते हैं। मंदिर परिसर में नवरात्रि वके दौरान प्रतिदिन महिला भक्तों द्वारा संगीतमय देवी भजन किये जाएंगे।

# 10 हजार छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ देगा पहल स्वास्थ्य संगठन



**इटारसी, देशबन्धु।** पहल स्वास्थ्य संगठन द्वारा छात्रों के लिए इस वर्ष स्कॉलरशिप कार्यक्रम मेंदस हजार छात्रों को लाभ देने का लक्ष्य रखा है। संस्था आर्थिक रूप से कमजोर, गरीब व सामान्य वर्ग के परिवार को मदद करता है। संस्था पहल प्रतिभा छात्रवृत्ति कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों का चुनाव कर, छात्रों को उनकी शिक्षा में आवश्यक जरूरतों को पूरा करने का कार्य करती है। जो छात्र स्कूल फीस, ड्रेस, किताब की व्यवस्था नहीं कर पाते हैं, उनके लिए यह सभी संसाधनों की व्यवस्था पहल स्वास्थ्य संगठन करके देता है। संस्था ने पिछले वर्ष 2024-25 में 1600 बच्चों की शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की थी। संस्था छात्रवृत्ति के साथ-साथ लैपटॉप, वाईफाई टैबलेट व कैरियर मार्गदर्शन भी प्रदान करती है। संस्था के संचालक राहुल बैनर्जी के अनुसार पहल स्वास्थ्य संगठन-शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा जागरूकता, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करती है। महिलाओं के लिए भी अप्रैल माह के मध्य एक योजना का शुभारंभ किया जाएगा। वर्तमान में शिक्षा के लिए पहल प्रतिभा छात्रवृत्ति कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

## पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम में दिया आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण



**इटारसी, देशबन्धु।** भारत सरकार द्वारा 3 से 6 वर्ष के बच्चों में प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन एवं तीन से 6 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को मजबूत हेतु पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास केसला की ओर से किया गया। यह सक्षम आंगनबाड़ी एवं मिशन पोषण 2.0 के तहत एक कार्यक्रम है। इसके अंतर्गत क्षमता संवर्धन के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में ईसीसीई पाठ्यक्रम और शैक्षणिक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करने के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विकास आयामी शारीरिक, मानसिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक, संस्कृत, कलात्मक और बुनियादी साक्षरता के मूल्यांकन में क्षमता वृद्धि कर सक्षम बनाना है।

भारत सरकार मंत्रालय द्वारा उसे 6 वर्ष के बच्चों को ईसीसी हेतु नेशनल आधारशिला एवं 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन के लिए नेशनल फॉर्मवर्क तैयार किए हैं। पोषण भी पढ़ाई भी के अंतर्गत आधारशिला एवं नव चेतना को आंगनबाड़ी केद्रो में क्रियान्वित करने के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। परियोजना अधिकारी ने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अंतर्गत दो बैच बनाए थे जिसमें 140 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मास्टर ट्रेनर में सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती मंजू लता लवानिया, सुश्री चेतना ढिवरे, सुश्री वंदना देवहरे, श्रीमती रेखा तिवारी, सुषमा काजले, कंचन सदेले ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया, साथ ही बच्चों की दिव्यांगता को समय रहते पहचानना, उसे रैफर करना, उसका आईडी कार्ड बनाना एवं किसी भी बच्चों में मानसिक अथवा शारीरिक विकलांगता का शीघ्र पता करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद पंचायत केसला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीश चंद्र अग्रवाल एवं तहसीलदार शंकर सिंह रघुवंशी ने अवलोकन किया एवं कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया।

## शिव विवाह आत्मा और परमात्मा का मिलन है : पं. दुबे

**इटारसी, देशबन्धु।** ग्राम रायपुर में चल रही 9 दिवसीय शिव महापुराण कथा में व्यास पीठ से कथावाचक पंडित सौरभ दुबे बिछुआ वालों ने कथा को विस्तार देते हुए भगवान शिव पार्वती के विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि शिव विवाह आत्मा और परमात्मा का मिलन है। शिव जी ने विवाह करके वैराग्य और गृहस्थ आश्रम में रहकर धर्म का पालन करने की शिक्षा दी। भगवान शंकर वैराग्य धारण करते हैं फिर भी जगत कल्याण के लिए गृहस्थ में रहकर भी धर्म का पालन उन्होंने किया। उल्लेखनीय है कि गांव के घनश्याम प्रसाद मालवी की स्मृति में शिव महापुराण कथा एवं श्रीमद् भागवत कथा मूल पाठ का आयोजन रायपुर में किया जा रहा है। इस अवसर पर सर्व धर्म सद्भावना समिति के संरक्षक बशारत खान, सर्व ब्राह्मण समाज के संभागीय अध्यक्ष पंडित अंकित दुबे, समाज सेवी पत्रकार संतोष सिंह चंदेल, सुशील दुबे ने कथा स्थल पर पहुंचकर कथा का श्रवण किया एवं कथावाचक पंडित सौरभ दुबे का सम्मान किया।



## टमाटर में अमेरिकन लीफ माईनर कीटो से सुरक्षा हेतु

### कृषि विज्ञानको ने किसानों को दी जानकारी

**बनखेड़ी, देशबन्धु।** कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर द्वारा किसानों को टमाटर में लगने वाली अमेरिकन लीफ माईनर कीटो से सुरक्षा के उपायों के बारे में जागरूक करने के लिए बुधवार को प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन ग्राम तिंदवाडा में किसान के खेत पर किया गया। इस अवसर पर किसानों को कीटों के प्रभाव से बचने के लिए वैज्ञानिक तरीकों और जैविक उपायों के बारे में जानकारी दी गई।



कृषि विशेषज्ञ ब्रजेश कुमार नामदेव ने बताया कि अमेरिकन लीफ माईनर टमाटर की पत्तियों को नुक्सान पहुंचाता है, जिससे फसल का उत्पादन प्रभावित होता है। इसके नियंत्रण के लिए विशेष कीटनाशकों का प्रयोग, और जैविक विधियों का पालन करना आवश्यक है। कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों ने किसानों को कीटनाशकों के सही उपयोग और उनकी उचित मात्रा के बारे में बताया ताकि पर्यावरण पर इसका कम से कम असर हो और टमाटर की फसल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा, किसानों को यह भी बताया गया कि कीटों से बचाव के लिए जैविक तरीकों का उपयोग करना भी फायदेमंद हो सकता है साथ ही अमेरिकन लीफ माईनर एकीकृत प्रबंधन पर तकनीकी प्रदर्शन पर किसानों के फीड बेक भी लिया किसानों ने इसे बहुत ही लाभप्रद बताया व अन्य किसानों को भी इसे अपनाना चाहिए जिससे इस विनाशकारी कीट के प्रकोप को रोक कर इसका प्रबंधन किया जा सके। इस आयोजन में किसानों ने सक्रिय भाग लिया और विशेषज्ञों से अपने सवाल पूछे, जिससे उन्हें अपनी फसलों की रक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। इस कार्यक्रम में केंद्र के प्रभारी डॉ. संजीव कुमार गर्ग भी उपस्थित रहे।

# मथुरा, हरिद्वार, ऋषिकेश, अमृतसर और वैष्णो देवी की धार्मिक यात्रा कराएगी भारत गौरव ट्रेन

### भोपाल मंडल के रानी कमलापति, इटारसी, विदिशा और बीना से होकर गुजरेगी विशेष ट्रेन

**इटारसी, देशबन्धु।** आईआरसीटीसी उत्तर दर्शन के साथ गुरुकृपा (अमृतसर) यात्रा के लिए भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन करेगी। यह विशेष ट्रेन भोपाल मंडल के प्रमुख स्टेशनों रानी कमलापति, इटारसी, विदिशा एवं बीना से होकर गुजरेगी। यह यात्रा विशेष रूप से मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत सुविधाजनक और लाभकारी है।



27 मई को रीवा से रवाना होने वाली यह विशेष पर्यटक ट्रेन, रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, रानी कमलापति, विदिशा, बीना और झांसी होते हुए चलेगी। इन स्टेशनों से यात्री इस पवित्र यात्रा में शामिल हो सकते हैं। 9 रातें / 10 दिन की इस धार्मिक यात्रा में यात्रियों को मथुरा, हरिद्वार, ऋषिकेश, अमृतसर और वैष्णो देवी के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। इस यात्रा का शुल्क प्रति व्यक्ति 17,600 (स्लीपर - इकॉनॉमी श्रेणी), 28,700/- (थर्ड एसी-स्टैण्डर्ड श्रेणी) एवं 37,800/- (सैकंड एसी-कम्फर्ट श्रेणी) निर्धारित किया गया है। इस शुल्क में भारत गौरव ट्रेन के विशेष एलएचबी कोच में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड एवं ऑफ-बोर्ड शाकाहारी भोजन, पर्यटन स्थलों तक गुणवत्तायुक्त वातानुकूलित बस सुविधा, यात्रा कार्यक्रमानुसार आवास व्यवस्था, अनुभवी टूर एस्कॉर्ट्स की सेवा, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा एवं हाउसकीपिंग जैसी सभी सुविधाएं सम्मिलित हैं। यह एक पूर्णत: सर्वसमावेशी टूर है। इस यात्रा में भाग लेने के इच्छुक यात्री अपनी बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर ऑनलाइन या किसी अधिकृत एजेंट के माध्यम से करा सकते हैं। यह ट्रेन न सिर्फ धार्मिक दृष्टिकोण से लाभकारी है, बल्कि भोपाल मंडल के यात्रियों को उनके नजदीकी स्टेशनों से ही सीधी सुविधा भी प्रदान करती है, जिससे यात्रा और भी सुगम और सुलभ हो जाती है।

## अग्रवाल भवन में लगी आभूषण और वस्त्रों सहित अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी






**इटारसी, देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई इटारसी और भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में ज्वेलरी, गारमेंट्स, कास्मेटिक, होमकेयर आदि सामग्री की प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, श्रीमती निधि चौरे, नगर पालिका सीएमओ श्रीमती रितु मेहरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे ने किया।

इस अवसर पर नर्मदापुरम से वैश्य महासम्मेलन की संभागीय अध्यक्ष श्रीमती नीरजा फौजदार, जिलाध्यक्ष श्रीमती उषा अग्रवाल, पिपरिया से नगर प्रभारी श्रीमती सुधा अग्रवाल, जिलाध्यक्ष संजय शिल्पी अग्रवाल, विशेष तौर पर मौजूद रहे। सभी अतिथियों का श्रीफल और मोतियों की माला से स्वागत किया। अग्रवाल भवन इटारसी में लगी प्रदर्शनी में मुंबई से लेकर पिपरिया, नर्मदापुरम, इटारसी और आदिवासी अंचल के उत्पाद हैं। अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल ने बताया कि इस प्रदर्शनी में सभी प्रकार की ज्वेलरी, गारमेंट्स, कॉस्मेटिक, होम केयर, स्किन केयर, हैंडलूम, काऊ डग प्रोडक्ट, ऑर्गेनिक तथा हर्बल प्रोडक्ट के साथ-साथ बहुत से आइटम की लंबी रेंज बहुत ही कम कीमत पर उपलब्ध है। इसका समय सुबह 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक रहेगा। कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन और मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के पदाधिकारी संजय अग्रवाल, डॉली गुप्ता, कामिनी शर्मा, अंजू गुप्ता, शशि अग्रवाल, वनिता अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## मुस्कान संस्था ने दी दिवंगत आईपीएस मनीषशंकर शर्मा को श्रद्धांजलि





**इटारसी, देशबन्धु।** दिवंगत आईपीएस मनीषशंकर शर्मा, स्पेशल डीजी रेल, को मुस्कान संस्था ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। मनीषशकर शर्मा का देवलोक गमन 16 मार्च को हो गया है। आज मुस्कान संस्था परिवार के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पीयूष शर्मा, वैभव शर्मा, मनीष शंकर शर्मा के पुत्र मनस्वी शंकर शर्मा एवं तेजस्वी शंकर, नपाध्यक्ष पंकज चौरे, पत्रकार प्रमोद पगारे, गोलू भाटिया एवं मुस्कान परिवार के सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर शर्मा परिवार ने मुस्कान संस्था एवं खाटू श्याम सामुदायिक रसोई में भोजन कराया एवं मुस्कान के बच्चों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कुर्मी क्षत्रिय समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन 28 को

**बैतूल, देशबन्धु।** कुर्मी क्षत्रिय समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन 28 मार्च शुक्रवार को बैतूल बाजार के सरदार वल्लभ भाई पटेल सामुदायिक भवन में संपन्न होगा। इस सम्मेलन के लिए प्रदेश के इंदौर छिंदवाड़ा, इटारसी, भोपाल, सिवनी, जबलपु, के अलावा महाराष्ट्र के यवतमाल, नागपुर से भी सामाजिक लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है।



कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष संजय वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामखेलावन पटेल पूर्व राज्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं प्रदेशाध्यक्ष कुर्मी क्षत्रिय समाज,सेम वर्मा बालाजीपुरम मंदिर संस्थापक,विशिष्ट अतिथि तेज कुमार गौर प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ कुर्मी क्षत्रिय समाज,डॉक्टर आर के सनोदिया अखिल भारतीय कुर्मी महासभा सम्मानित सदस्य एवं कार्यक्रम अध्यक्ष संजय जिलाध्यक्ष कुर्मी क्षत्रिय समाज के आतिथ्य में संपन्न होगा। इस सम्मेलन के आयोजन के लिए पूरी व्यवस्थाएं पूर्ण हो चुकी है। श्री वर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष कुर्मी क्षत्रिय समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन हुआ था जिसकी बहुत ही सराहना की गई थी और करीब ढाई सौ युवक युवतियों ने बेबाकी से अपना परिचय दिया था द्य दूर दराज इलाकों में रहने वाले सामाजिक लोगों को अपने बच्चों के विवाह के लिए बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। समाज का उद्देश्य है कि सामाजिक लोग बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम आएं और अपने बच्चों का परिचय कराएं ताकि उनके विवाह जुड़ने में आसानी हो। 28 मार्च शुक्रवार की सुबह 11 बजे सरदार पटेल के छाया चित्र के सामने अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया जाएगा जिसके बाद अतिथियों का स्वागत सम्मान किया जाएगा। पौने बारह बजे सामाजिक कलेंडर का विमोचन किया जाएगा फिर युवक युवतियों द्वारा परिचय दिया जाएगा । अंत में अतिथियों द्वारा उद्बोधन दिया जाएगा। श्री वर्मा द्वारा सामाजिक बंधुओं से अपील की गई है कि अधिक से अधिक कार्यक्रम में शामिल हों।

## तवा 2 खदान में सुरक्षा को ताक पर रखकर चलाई जा रही एडवांस पाली

### कोलकर्मी के गले में घुसी नुकीली धारदार वस्तु

**सारणी, देशबन्धु।** पाथाखेड़ा क्षेत्र स्थित तवा 2 कोल खदान में आज सुबह खून से सनी सुबह हुई। औरएक कोलकर्मी लापरवाही की भेंट चढ़ गया। बताया जा रहा है कि एडवांस पाली में काम कर रहे मनोज कुमार नामक युडीएम ऑपरेटर के गले में नुकीली धारदार वस्तु घुस गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल कोलकर्मी को आनन-फानन में नागपुर रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।



इस हादसे के बाद एक बार फिर खदानों में सुरक्षा मानकों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। नियमानुसार खदानों में सिर्फ तीन ही पालियां चलाई जा सकती हैं, लेकिन तवा 2 खदान में धड़ल्ले से एडवांस पाली चलाई जा रही है। एडवांस पाली होने के चलते समय पर रेस्क्यू टीम भी मौजूद नहीं थी जिसके कारण घायल युवक को एक ओवर मैन और एक कामगार की सहायता से स्ट्रक्कर में डालकर अस्पताल पहुंचाया गया अब सवाल यह है कि यह एडवांस पाली किसकी इजाजत से चलाई जा रही है? क्या इस एडवांस पाली को चलाने के लिए सुरक्षा के सभी मानकों का पालन किया जा रहा है? अगर नहीं, तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है?

स्थानीय लोगों का कहना है कि तवा 2 खदान में सुरक्षा के मानकों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। कर्मचारियों को बिना सुरक्षा उपकरणों के ही काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। बार-बार हादसे होने के बाद भी कंपनी के अधिकारी नींद से नहीं जाग रहे हैं। क्या कंपनी किसी और बड़े हादसे का इंतजार कर रही है? घटना से संबंधित जानकारी के लिए कल्पेश जैन खान अधीक्षक तवा- 2 माइंस से संपर्क करने का प्रयास किया किंतु उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

## बैसबॉल में बैतूल की बेटियां दिखाएंगी जौहर , ऑल इंडिया कप के लिए हुईं रवाना

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले की तीन बैसबॉल खिलाड़ी सब जूनियर ऑल इंडिया कप संगरूर पंजाब में मध्य प्रदेश बैसबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना हुई हैं। जनजातीय कार्य विभाग कन्या क्रीड़ा परिसर बैतूल और जिला बैतूल बैसबॉल संगठन की खिलाड़ी कु. बेबी कवड़े, नंदनी उइके और सुहाना सेलूकर का चयन 27 मार्च से 31 मार्च तक संगरूर, पंजाब में आयोजित ऑल इंडिया सब जूनियर कप 2025 के लिए किया गया है। ये तीनों खिलाड़ी अमेरिकन गेम बैसबॉल में बैतूल जिले का गौरव बढ़ा रही हैं।

चयनित छात्राओं को मध्य प्रदेश बैसबॉल फेडरेशन के उपाध्यक्ष योगी खंडेलवाल, खेल प्रशिक्षक और सचिव कैलाश कुमार वराठे, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग शिल्पा जैन, उपाध्यक्ष अभिषेक किलेदार, सहसचिव आदित्य भार्गव, वरिष्ठ खिलाड़ी पिंकी भाटिया, कपिल आर्य, आदित्य आहूजा, विनीत गोठी और डॉ. नितिन देशमुख ने शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने उनके उज्जवल भविष्य और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में चयन की कामना की है। खेल प्रशिक्षक कैलाश कुमार वराठे ने जानकारी दी कि आगामी समय में अंतरराष्ट्रीय एमएलबी कप के लिए बैतूल जिले की बालक और बालिकाओं की अंडर 11 और अंडर 13 की टीमें भी तैयार की जा रही हैं। फेडरेशन की ओर से गोटर्फ मोती वार्ड में इनका प्रशिक्षण किया जा रहा है। इन टीमों को राज्य और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जिला बैसबॉल फेडरेशन के माध्यम से प्रशिक्षण उपरांत भेजा जाएगा। बैतूल जिले की बेटियों का यह चयन जिले के लिए गर्व का विषय है।

# सभी सीमाओं पर भारी वाहनों के प्रवेश प्रतिबंध के बोर्ड लगाए जाएं

## संभाग आयुक्त ने संभागीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये निर्देश

### कहा- सड़क दुर्घटना का कारण बनने वाले ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए जाएं

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम संभाग के अंतर्गत आने वाले बैतूल हरदा एवं नर्मदापुरम जिले के समस्त एंट्री प्वाइंटों पर प्रतिबंधात्मक भारी वाहनों के शहर के अंदर से एवं बीच से ना निकलने हेतु प्रवेश प्रतिबंध के बोर्ड लगाए जाएं

संभाग आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उक्त निर्देश देते हुए कहा की संभाग की विभिन्न तहसीलों में विभिन्न मार्गों पर बस स्टाप को विशेष रूप से चिन्हित किया जाए, वर्तमान में बसे कहीं भी अनियंत्रित होकर रुक रही है जिससे यात्रियों को अनावश्यक रुप से परेशान होना पड़ रहा है। बसे बस स्टाप ना छोड़कर यात्रियों को कहीं भी उतार दे रही हैं इनको दृष्टिगत रखते हुए हैं बसो के निर्धारित बस स्टाप को प्राथमिकता से चिन्हित किया जाए। श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि ऐसे चिन्हित बस स्टाप में यात्रियों के बैठने एवं छाया के लिए टीन सेड का निर्माण भी अनिवार्य रूप से किया जाए। टीन सेड का निर्माण विधायक निधि एवं पंचायत निधि से कराना सुनिश्चित किया जाए। श्री तिवारी ने वर्तमान में कृषि उपज मंडियों में भारी मात्रा में ट्रैक्टर ट्रालियों के आवागमन पर एवं ट्रैक्टर ट्रालियों के रात में भी चलने से होने वाली दुर्घटना को रोकने के लिए सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने जिले में ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेडियम एवं रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगाना सुनिश्चित करें।



संभाग आयुक्त श्री तिवारी ने निर्देश दिए की संभाग के सभी जिलों में ब्लैक स्पॉट विशेष रूप से चिन्हित किया जाए, उन ब्लैक स्पॉट को प्राथमिकता से ठीक भी किया जाए ताकि संभावित सड़क दुर्घटना को रोका जा सके। श्री तिवारी ने सभी स्कूली बसों एवं अन्य यात्री बसों की एक बार पुनः चेकिंग करने के निर्देश दिए और कहां की चेकिंग के दौरान बस का परमिट, ड्राइवर के लाइसेंस एवं बसों में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण अनिवार्य रूप से कर लिया जाए। उन्होंने सभी जिला परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सभी बस संचालकों से यह लिखित में लेवे की बसो का स्टॉपेज कहाँ-कहाँ पर है। और वहां बस रुक रही है कि नहीं यदि बस निर्धारित स्टॉपेज में नहीं रूक रही है तो ऐसे बस संचालकों पर नियम अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बस परमिट में लिखा होता है नर्मदापुरम हरदा बैतूल में रुकेगी लेकिन किन जगहों पर रुकेगी यह स्पष्ट नहीं होता है। उन्होंने निर्देश दिए की बस परमिट में यह स्पष्ट होना चाहिए की बसें किन स्थानों पर रूकेगी। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारियों को बसों के स्टॉपेज की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि दोपहिया चौपाहियां एवं बस तथा भारी वाहनों से नर्मदापुरम में गत वर्ष 874 सड़क दुर्घटना में 196 लोगों की मृत्यु हुई थी, वहीं बैतूल में 925 सड़क दुर्घटनाओं में 352 तथा हरदा में 316 सड़क दुर्घटनाओं में 109 लोगो की मृत्यु हुई है। आवारा पशुओं को सड़क मार्ग में बैठने से रोकने हेतु उन्हें गौशालाओं में भिजवाने का कार्य भी किया गया है। साथ ही राज्य मार्ग पर अतिक्रमण एवं उगी हुई झाड़ियां भी हटाए गए हैं। नियमित रूप से स्कूली बसों एवं यात्री बसों की चेकिंग करके अनफिट बसो से जुर्माना भी वसूला जा रहा है। बैठक में बताया गया कि स्ट्रिप स्पीड ब्रेकर रोड मार्किंग एवं साइन बोर्ड लगाने का कार्य मीनाक्षी चौक से डबल फाटक तक, नर्मदा महाविद्यालय से सर्किट हाउस रोड तक, जिला अस्पताल से कलेक्टर कार्यालय तक, कलेक्टर कार्यालय से एसपी बंगला मार्ग तक, खेडला से हासलपुर, होशंगाबाद बाईपास, शोभापुर खेरी तरौन कला मार्ग, सोनखेड़ी हिरण खेड़ा, सीमलवाडा मार्ग, मिसरोद से रोझड़ा मार्ग, खरार चंदवाड धमासा चौतलाय मार्ग, बघवाड़ा कोटला खेड़ी मार्ग, पचमढ़ी महादेव मार्ग रोड, स्टेशन सर्कुलर रोड, पचमढ़ी धूपगढ़ मार्ग, इटारसी डोलरिया से टिंगारिया मार्ग, धर्म कुंडी हथनापुर सलकनपुर मार्ग, लोखर तलाई से बेकना मार्ग, नयागांव धुरगाडा धाबा खुद मार्ग, तिलक सिंदूर पहुंच मार्ग सहित अन्य स्थानों पर की गई है। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे, हरदा कलेक्टर अदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरन सिंह, जिला पंचायत नर्मदापुरम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत, अपर कलेक्टर नर्मदापुरम डीके सिंह, उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, संयुक्त आयुक्त विकास जीसी दोहर, बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी (ऑनलाइन माध्यम से) एवं हरदा, बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के जिला परिवहन अधिकारी उपस्थित थे।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### परीक्षा आवेदन प्रक्रिया 1 अप्रैल से

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित प्रारंभिक शिक्षा में पत्रोपाधि पाठ्यक्रम की नियमित परीक्षा (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) हेतु परीक्षा आवेदन-पत्र भरने की प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू होगी। इच्छुक परीक्षार्थी अपने आवेदन एमपी ऑनलाइन के कियोस्क अथवा पोर्टल के माध्यम से निर्धारित तिथियों में जमा कर सकेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक सामान्य शुल्क के साथ आवेदन जमा किए जा सकेंगे। इसी प्रकार 16 अप्रैल से 20 अप्रैल तक 500 रुपए, 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक 1,000 रुपए, 26 अप्रैल से 30 अप्रैल तक 1,500 रुपए शुल्क के साथ आवेदन जमा होंगे। सत्र 2024-25 में प्रवेशित नवीन अभ्यर्थी प्रथम वर्ष का परीक्षा आवेदन भर सकेंगे। इसी प्रकार मण्डल से संबद्ध संस्थानों के वे ही छात्र आवेदन कर सकेंगे जिन्हें शासन से जारी प्रवेश नियमों के अंतर्गत प्रवेश दिया गया है तथा जिन्होंने ह्रष्ट्रञ्जश्व के नियमानुसार शैक्षणिक दिवसों एवं शिक्षण अभ्यास को पूर्ण किया है। सत्र 2023-24 में प्रथम वर्ष उत्तीर्ण छात्र द्वितीय वर्ष की परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे। सत्र 2023-24 में प्रथम वर्ष अनुत्तीर्ण छात्र तृतीय अवसर के तहत अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा दे सकेंगे। सत्र 2022-23 के प्रथम वर्ष उत्तीर्ण एवं द्वितीय वर्ष में अनुत्तीर्ण छात्र अंतिम अवसर में सम्मिलित हो सकेंगे।

### अवैध उत्खनन एवं ओवरलोड परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। इस क्रम में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कई वाहनों को जप्त किया गया है।



जिला खनिज अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार तहसील माखननगर के ग्राम झालसरसेठ स्थित तवा नदी से रेत खनिज का अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर एक जेसीबी मशीन को जप्त किया गया। इसके अलावा, ग्राम पांजरा रोड, तवा पुल के पास से एक डंपर को गिट्टी के अवैध परिवहन करनें पर जब्त किया गया। इसी प्रकार सिवनीमालवा बायपास रोड से छह डंपर को रेत खनिज के ओवरलोड परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर जप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही के दौरान जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम, तहसीलदार सिवनीमालवा नितिन राय, खनि निरीक्षक पिंकी चौहान, प्रभारी खनि निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते, खनिज सिपाही हेमंत राज एवं होमगार्ड बल की उपस्थित रहे। जप्त किये गये वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### घर-घर यज्ञ और रंगोली से होगा हिंदू नववर्ष का स्वागत

**बैतूल, देशबन्धु।** अखिल विश्व गायत्री परिवार जिला समन्वय समिति के मार्गदर्शन में हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 का भव्य आयोजन 30 मार्च, रविवार को किया जाएगा। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक डॉ. कैलाश वर्मा और जिला सह समन्वयक रविशंकर पारखे ने जिलेवासियों से अपील की है कि नववर्ष को पूरे धार्मिक और पारंपरिक तरीके से मनाएं। गायत्री परिवार के अनुसार, इस दिन सुबह जल्दी उठकर योग और प्राणायाम करें, इसके बाद निरोगी जीवन के लिए नीम की कोमल पत्तियों का सेवन करें। स्नान के पश्चात भगवान सूर्य के दर्शन करें और अर्घ्य दें। इसके उपरांत अपने घर, मंदिर या किसी धार्मिक स्थल पर विश्व शांति और जनकल्याण के लिए गायत्री यज्ञ का आयोजन करें। इस अवसर पर भारतीय परिधान, विशेष रूप से पीले वस्त्र धारण करने की सलाह दी गई। घर-घर शंखध्वनि करने, एक-दूसरे को तिलक लगाने, घर पर धर्म ध्वजा फहराने, आंगन में रंगोली बनाने और फूल-पत्तों से तोरण सजाने और सायंकालीन बेला में देवालयों तथा घरों के सामने 5 या 11 दीप जलाकर जनकल्याण की प्रार्थना का अनुरोध किया गया है।

### हरदू पंचायत में डेम की मांग, 5 हजार हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

**बैतूल, देशबन्धु।** जनपद पंचायत चिचोली अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदू के सरपंच प्रद्युम्न उईके ने अपने क्षेत्र के किसानों के लिए बड़ी पहल की है। उन्होंने जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह से मुलाकात कर हरदू पंचायत में सिंचाई हेतु डेम की मांग रखी। इस पर मंत्री डॉ. विजय शाह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जल संसाधन मंत्री को पत्र लिखकर डेम की स्वीकृति का अनुरोध किया है।

सरपंच प्रद्युम्न उईके ने बताया कि ग्राम पंचायत हरदू में लगभग 5 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि है, लेकिन सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण किसान फसल का पूरा लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है और यहां के किसानों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए सिंचाई की सुविधा जरूरी है। प्रद्युम्न उईके का कहना है कि उनका लक्ष्य क्षेत्र के सभी किसानों को विकसित करना है ताकि कोई भी किसान गरीबी का शिकार न रहे। डेम बनने से 5 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी और किसानों को पानी की समस्या से राहत मिलेगी।अगर डेम की स्वीकृति मिलती है, तो हरदू पंचायत के किसानों के लिए यह एक बड़ी सौगात होगी।

# संभाग आयुक्त ने किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण

## जीर्ण शीर्ण सेवा पुस्तिकाओं की मरम्मत करने के दिये निर्देश

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** संभाग आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट की स्थापना शाखा, वित शाखा एवं नाजरात शाखा के अभिलेखों का परीक्षण किया और जहां-जहां कमियां पाए गई वहां वहां आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए।



संभाग आयुक्त ने कई कर्मचारियों की जीर्ण शीर्ण हो चुकी सेवा पुस्तिकाओं की रिपेयरिंग करने के निर्देश दिए और कहां की सभी सेवा पुस्तिकाओं में अधिकारियों के हस्ताक्षर एवं कर्मचारियों के नॉमिनी का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। उन्होंने सभी शाखाओं के प्रभारी कर्मचारियों को निर्देश दिए की अब ई ऑफिस सिस्टम से सभी कार्य किए जाने हैं इसलिए ई ऑफिस सिस्टम के माध्यम से ही सभी फाइलें लिए जाएं हार्ड कॉपी या अन्य दस्तावेज ना लिए जाएं। उन्होंने सभी शाखा प्रभारी को निर्देश दिए कि वह अपनी अपनी शाखाओं के रिकॉर्ड अपडेट रखें। उन्होंने निर्देश दिए की शिक्षा विभाग की तर्ज पर राजस्व विभाग भी अपने सभी कर्मचारियों की ई सेवा पुस्तिका बनाएं साथ ही उन्होंने निर्देश दिए की सभी कर्मचारियों की डुप्लीकेट सेवा पुस्तिका भी बनाई जाए और डुप्लीकेट सेवा पुस्तिका कर्मचारियों के पास अनिवार्य रूप से रहनी चाहिए।

संभाग आयुक्त ने निर्देश दिए कि हर कर्मचारी की गोपनीय चरित्रावली प्रतिवर्ष लिखी जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई कर्मचारियों को समय मान वेतनमान का लाभ गोपनीय चरित्रावाली न होने के चलते उन्हें नहीं मिल पाया है, उन्होंने ऐसे शेष रह गए कर्मचारियों की शीघ्र ही गोपनीय चरित्रावली अधिकारियों से एवं शाखा प्रभारी से लिखवा कर उन्हें समय मान वेतनमान का लाभ देने के निर्देश दिए। स्थापना शाखा के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि नायब तहसीलदार के 17 पद के विरूध 15 पद भरे गए हैं। उन्होंने अन्य शाखाओं मैं कर्मचारीयों के रिक्त पदों की जानकारी ली। बताया गया की सहायक ग्रेड 3 से लेकर अन्य कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाएं स्थापना शाखा में ही संधारित की जा रही है। संभाग आयुक्त ने समय मान वेतनमान पंजी, अवकाश पंजी, कंटीन्जेंसी पंजी, रोकड़ पंजी, चालान बुक, बिल पंजी का बारीकी से निरीक्षण किया एवं कर्मियों की ओर शाखा प्रभारियों का ध्यान आकर्षित कराया तथा निर्देश दिए कि उक्त कर्मियों को समय रहते दूर कर सुधार किया जाए। कमिश?नर ने निर्देश दिए की सेवा पुस्तिकाओं में अधिकारियों के हस्ताक्षर महत्वपूर्ण रहते हैं इसलिए प्राथमिकता से अधिकारियों के हस्ताक्षर कराए जाएं। कर्मचारी अपनी सेवा पुस्तिका में नामिनी का नाम अनिवार्य रूप से लिखें। श्री तिवारी ने सभी शाखा प्रभारी को निर्देश दिए कि वह अपनी अपनी शाखाओं का टेबल निरीक्षण प्रति माह करें। और यदि कहीं सर्विस बुक में हस्ताक्षर छूट गए हैं तो हस्ताक्षर प्राथमिकता से करें। संभाग आयुक्त ने रेंडम आधार पर सेवा पुस्तिका का निरीक्षण किया।

उन्होंने वित्त शाखा के निरीक्षण के दौरान शाखा प्रभारी को निर्देश दिए की शासन से जितना बजट प्राप्त होता है उतनी राशि की ही सामग्री क्रय की जाए। बजट से ज्यादा सामग्री किसी भी स्थिति में नहीं खरीदी जाए। कमिश?नर श्री तिवारी ने वाहन, पेट्रोल एवं बिजली बिल का भुगतान प्रतिमाह संबंधित एजेंसी को करने के निर्देश दिए और कहां की हितग्राही मूलक योजनाओ में प्राप्त राशि का वितरण हितग्राहियों में प्राथमिकता से किया जाए, अनावश्यक रूप से बजट लैप्स ना किया जाए। जितना बजट है उतना खर्च किया जाए और बजट अगर समाप्त हो जाता है तो बजट की मांग भी की जाए। श्री तिवारी ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए की अब ई-ऑफिस सिस्टम से सभी कार्य किए जाएंगे इसलिए अब हार्ड कॉपी या फाइल लेना बंद किया जाए एवं ऑनलाइन या मेल के माध्यम से ही सारे कार्य किए जाएं। उन्होंने कैश बुक पंजी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त आरपी सिंह, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, संयुक्त आयुक्त विकास जीसी दोहर, अपर कलेक्टर डीके सिंह उपस्थित रहे।

# शासकीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने हेतु जिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में शासकीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए जिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण जिला सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी मनीष गुणवान एवं जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस संदीप चौरसिया द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें ई-ऑफिस प्रणाली के विभिन्न घटकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण के दौरान संदीप चौरसिया ने ई-ऑफिस प्रणाली के वास्तविक इंटरफेस के माध्यम से फाइलों के आदान-प्रदान एवं शासकीय पत्राचार की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लॉगिन प्रक्रिया, फाइल तैयार करना, फाइलों को विभिन्न स्तरों पर प्रेषित करने की विधि तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं पर डेमो के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सौजान सिंह रावत, जिला कोषालय अधिकारी नितेश उइके सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियो ने प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# विधायक आगजनी पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंची

**चिचोली, देशबन्धु।** क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके बुधवार को घोड़ाडोंगरी जनपद क्षेत्र के दुधवानी ग्राम पंचायत के गांव चोपना पहुंची। इस गांव में मंगलवार को हुई आगजनी की घटना में पांच मकान पूरी तरह जल गए और वही दो मकान भी आग से प्रभावित हुए। पीड़ित परिवार के रो रो के बुरे हाल थे।



विधायक गंगा उइके ने परिवार के लोगों से मिलकर कहा कि आप अपने आप को संभालिए और अच्छे से खाना खाओ और अच्छे से रहो। जो नुकसान हुआ है उसके लिए शासन से सहायता दिलाई जाएगी। पीड़ित परिवार अपने आप को अकेला ना समझे। हम सब आपके साथ हैं और दोनों टाइम भोजन की व्यवस्था और रहने की व्यवस्था कर रहे हैं।

विधायक ने पीड़ित परिवारों को कपड़े वितरित किए और ढाई हजार रुपए की नगद राशि भी तुरंत के खर्चे के लिए देते हुए कहा कि मकान में रखें सारे सामान जल गया है तो बिल्कुल भी चिंता ना करें। आर्थिक नुकसान के लिए जहां आर्थिक सहायता सरकार देगी। घटना में आधार कार्ड बैंक पासबुक और अन्य डॉक्यूमेंट जो कागज जल गए हैं, उनको भी बनवा कर देने की प्रक्रिया करवाएंगे। उन्होंने उपस्थित जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी आशा कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत सचिव को भी निर्देशित किया कि पीड़ित परिवारों का पूरा ख्याल रखा जाए। विधायक ने पीड़ित परिवारों से कहा कि किसी भी तरह की परेशानी हो तो मुझे संपर्क करें। हम आपके साथ हैं और अपने आप को अकेला ना समझे। विधायक के साथ भाजपा नेता राजेश महतो, दीपक उइके, सिद्धार्थ बिहारे, आभास मिश्रा, इंदल यादव, प्रशांत उइके, मुकेश गायकवाड, निलेश मालवीय, राकेश अरोरा, विवेक जैन मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार के दलदल में डूबी चोपना पंचायत

## कागजों पर विकास, गायब हुए लाखों

**चोपना, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार रोकने के लिए लगातार अधीनस्थों को नसीहत दे रही है, लेकिन इन नसीहतों का असर होता नहीं दिख रहा है। घोड़ाडोंगरी विकास खंड के ग्राम पंचायत चोपना में भ्रष्टाचार का आलम चारों तरफ फैला हुआ है। हर विकास कार्य सिर्फ कागजों पर ही होते दिखाई देते हैं, धरातल पर कोई भी विकास नजर नहीं आता।

ग्राम पंचायत चोपना में पंचायत पदाधिकारी खुलेआम विकास के नाम पर भ्रष्टाचार कर शासन के पैसों का बंदरबाट कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि अफसरों ने भ्रष्टाचार की शिकायत को नजरअंदाज कर जांच कराने तक की जहमत नहीं उठाई है।

सड़क बनी नहीं, पैसे निकल गए- चोपना-3 में 2023 को मनरेगा एवं 15वें वित्तीय योजना के अंतर्गत तुरी वाले के घर से ठाकुर के घर तक लगभग 170 मीटर सड़क निर्माण किया जाना था, लेकिन ग्राम पंचायत चोपना के पदाधिकारी द्वारा बगैर सड़क निर्माण कराए लगभग 3 लाख रुपये निकाल लिए गए। सवाल यह उठता है कि आखिर इस भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार कौन है? क्या पंचायत पदाधिकारी अकेले ही इस लूट में शामिल हैं, या फिर इसमें कुछ और बड़े अधिकारियों का भी हाथ है? उक्त विषय के संबंध में चोपना सरपंच मीरा नौरे से संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।



### इनका कहना है

जिस सड़क निर्माण की आप बात कर रहे हैं, यह मेरे कार्यकाल का नहीं है। मुझे अभी चोपन पंचायत में प्रभार संभाले एक माह हुआ है। इसके लिए आप पूर्व सचिव प्रदीप बसु से संपर्क करें।

**- विनोद चौरसिया,**
सचिव ग्राम पंचायत चोपना

कुछ कारणवश कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। मेरा इसी दौरान ट्रांसफर हो गया था। मुझे इतनी जानकारी है कि गिट्टी, सीमेंट के पैसे निकाले गए थे। सरपंच से बात हुई है कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएगा।

**- प्रदीप बसु,** सचिव ग्राम पंचायत बदलपुर

# बकाया राजस्व राशि नहीं चुकाने पर मैरिज लॉन, स्कूल और पेट्रोल पंप सील

**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर बैतूल के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में राजस्व वसूली को लेकर प्रशासन ने सख्ती तेज कर दी है। बकाया राशि नहीं चुकाने पर जिले में बड़े पैमाने पर संपत्तियों की कुर्की और सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है। बुधवार, 26 मार्च को बैतूल की नगरीय तहसील अंतर्गत प्रशासन ने कर्जदारों की संपत्तियों पर ताले जड़ दिए।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैतूल राजीव कहार, तहसीलदार गोवर्धन पाठे, नायब तहसीलदार एस.एस. उइके और भीमराव पोटपोड़े, राजस्व निरीक्षक बैतूल नगर, राजस्व निरीक्षक डायर्वसन राहुल इवने और नगरीय क्षेत्र में पदस्थ पटवारियों की संयुक्त टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। प्रशासन ने गाडाघाट रोड स्थित शीतला मैरिज लॉन, भुजलिया घाट रोड पर शिवमंगल मैरिज लॉन, ग्राम सोनाघाटी में स्थित पोद्दार स्कूल और कृषि भूमि का बिना डायवर्सन व्यवसायिक उपयोग करने पर सीलिंग की। इसके अलावा श्रीराम रेजीडेंसी कॉलोनी टिकारी बैतूल और ओमप्रकाश विठोतिया के पेट्रोल पंप को भी बकाया राशि नहीं चुकाने पर सील कर दिया गया।



तहसीलदार बैतूल गोवर्धन पाठे ने बताया कि यह कार्रवाई प्रशासन के निर्देश पर की गई है। अब भी जिन बकायादारों ने अपनी राशि जमा नहीं की है, उनकी संपत्तियों की कुर्की और सीलिंग की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि बकायादार समय पर अपनी राशि नहीं चुकाते हैं, तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार ने ढाबा संचालकों, मैरिज लॉन मालिकों, पेट्रोल पंप संचालकों, निजी स्कूलों और निजी अस्पतालों के संचालकों से अपील की है कि वे अपनी बकाया राशि तुरंत जमा करें। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तो उनकी संपत्तियां कुर्क कर दी जाएंगी और उन्हें होने वाली असुविधा की पूरी जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी।

राजस्व निरीक्षक डायर्वसन राहुल इवने ने बताया कि राजस्व वसूली में तेजी लाने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा और जिनकी भी बकाया राशि शेष है, उनकी संपत्तियों पर कुर्की और सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्यवाही में पटवारी संजय मोरे, गोपाल महस्की, धर्मेन्द्र पंवार, सुशील उपासे, हुकुम इवने, जमादार राजकिशोर धुर्वे सुमित पंवार एवं अन्य कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 10 आरक्षकों को प्रधान आरक्षक पद पर दी गई पदोन्नति

**बैतूल, देशबन्धु।** पुलिस विभाग में सेवा दे रहे 10 आरक्षकों को उनकी उत्कृष्ट सेवा और विभागीय प्रक्रिया के तहत प्रधान आरक्षक पद पर कार्यवाहक पदोन्नति प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक बैतूल निश्चल एन. झारिया द्वारा आज पुलिस कंट्रोल रूम, बैतूल में आयोजित एक गरिमामय समारोह में आरक्षक 172 रविशंकर इंगरे, आरक्षक 349 संजेश धुर्वे, आरक्षक 369 शिवकुमार उइके, आरक्षक 425 देवेन्द्र ठाकुर, आरक्षक 14 श्रुतिकिरण, आरक्षक 50 संजय बैन, आरक्षक 678 मन्तराम सरयाम, आरक्षक 458 विक्रम सिंह टेकाम, आरक्षक 439 मोनिका साहू, आरक्षक 108 अमित कवडे इन सभी पुलिसकर्मियों को फीता लगाकर सम्मानित किया गया और कार्यवाहक प्रधान आरक्षक के पद का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैतूल श्रीमती कमला जोशी, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बैतूल सुश्री शालिनी परस्ते, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) शाहपुर श्री मयंक तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। समारोह के अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी पदोन्नत प्रधान आरक्षकों को उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं और उन्हें आगे भी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और निष्पक्षता* के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।



देशबन्धु

नर्मदापुरम, गुरूवार 27 मार्च 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# नीतीश कुमार का नारी विरोधी चेहरा

समाजवादी परिवार का हिस्सा रहने के कारण बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की छवि समतावादी और सुशासन की रही है लेकिन इन दिनों जो उनका व्यवहार और नीतियां सामने आ रही हैं, वे इस बात को उजागर करने के लिये काफी हैं कि भीतर से वे नारी विरोधी हैं और रुढ़िगत पितृसत्तात्मक समाज की मानसिकता से खुद को बहुत अलग नहीं कर पाये हैं। कुछ ही महीनों में उनके राज्य में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं, उसमें उनकी जनता दल यूनाइटेड पर जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी हावी हो रही है और आगामी सरकार बनाने के लिये जैसी महत्वाकांक्षाएं न सिर्फ पाले बैठी है वरन उसका खुलकर इज़हार भी कर रही है, वह भी नीतीश बाबू की परेशानी का एक कारण हो सकता है। इतना ही नहीं, उनके मानसिक स्वास्थ्य को लेकर भी कई तरह की चर्चाएं जारी हैं। यदि उनके बारे में बन रही इस आशय की धारणाएं सही हैं कि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, तो यह भी देखा जाना चाहिये कि क्या उनका स्त्री विरोध इस मानसिकता का परिणाम तो नहीं है?

हाल ही में वे प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के लिये विधान परिषद में जिस भाषावली का उपयोग कर रहे हैं वह उनके पद की गरिमा के प्रतिकूल और प्रजातंत्र के खिलाफ है। इन बयानों ने यह भी साबित किया है कि नीतीश कुमार का चेहरा चाहे प्रगतिशील नेता का हो लेकिन भीतरी तौर पर वे उस व्यापक भारतीय समाज का हिस्सा हैं जो अमूमन महिलाओं के प्रति वास्तविक सम्मान नहीं रखता। नीतीश कुमार अपने नारी विरोधी नज़रिये का कई बार परिचय दे चुके हैं। याद हो कि जब कुछ समय के लिये जेडीयू तथा राष्ट्रीय जनता दल की सरकार में वे मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने प्रजनन प्रक्रिया को लेकर बेहद आपत्तिजनक बयान दिया था। हालांकि उन्हें अपनी गलती का एहसास हो गया था। उन्होंने इसके लिये खेद जताते हुए खुद की ही भर्त्सना की थी। भरे सदन में उनके इस बयान पर विपक्ष, खासकर भाजपा की महिला विधायकों ने काफी विरोध किया था, जो हर तरह से वाजिब था। तब और अब में दो साल से ज्यादा का समय गुजर चुका है। कहते हैं कि तभी से नीतीश कुमार का व्यवहार असंतुलित सा हुआ दिखता है। हाल ही में एक कार्यक्रम में जब राष्ट्रगान हो रहा था, तो वे अपने बाजू में खड़े मुख्य सचिव से बात करने लगे और उनके टोकने पर भी सीधे खड़े न होकर सामने किसी का अभिवादन करते नज़र आये। उनका यह वीडियो देश भर में वायरल हुआ है जिसे देखकर लोगों का कहना था कि उनके खिलाफ राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान का मामला दर्ज होना चाहिये।

विधान मंडल के जारी बजट सत्र में उनकी राबड़ी देवी से कई बार बहस हुई है। यह कोई नयी बात नहीं लेकिन जिस भाषा का इस्तेमाल उन्होंने किया, वह आश्चर्यजनक है। जिन शब्दों का प्रयोग उन्होंने किया वह असंसदीय तो हैं ही, अमर्यादित भी। पिछले दिनों नीतीश ने राबड़ी देवी पर कटाक्ष करते हुए कहा था- 'इनके पति को इस पद से हटाया गया, इसलिए ही वह मुख्यमंत्री बन पाई थीं।' उल्लेखनीय है कि जब राबड़ी देवी के पति लालू प्रसाद यादव को भ्रष्टाचार के मामले पर मुख्यमंत्री पद से हटना पड़ा था तो राबड़ी देवी ने वह पद सम्हाला था। फिलहाल वे विधान परिषद की सदस्य हैं। मंगलवार को सदन की कार्यवाही के दौरान आरक्षण पर गर्मागर्म बहस हो रही थी। राबड़ी देवी जब कुछ कहने के लिये उठीं, तो नीतीश कुमार ने उन्हें डपटते हुए कहा- 'अरे बैठो अपनी कुर्सी पर! पार्टी तोहरे हसबैंड का है, तोहरा कुछ नहीं। बैठा तू!' राबड़ी देवी ने विरोध जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में वह अपने 8 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर बोल सकती हैं, तो नीतीश ने मगही भाषा में बेहद अशिष्ट भाषा का प्रयोग करते हुए कहा, 'छोड़ा ना, तोहरा कुछ मालूम है?' मुख्यमंत्री ने आगे उन्हें अपमानित करते हुए कहा कि 'पार्टी इसके हसबैंड का है, इ बेचारी तो ऐसे ही आ गई है।'

नीतीश कुमार की इस तरह की अशालीन भाषा का कारण उन पर पड़ रहा दबाव भी बतलाया जाता है। वे शायद इस खौफ़ में जी रहे हैं कि अगले विधानसभा चुनाव में उनका हश्र वैसा ही न हो जाये जैसा कि महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे का हुआ है। पहले समर्थन देकर भाजपा ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया लेकिन उनके बल पर चुनाव जीतकर भाजपा के देवेन्द्र फडणवीस मुख्यमंत्री बन गये। वैसे भी भाजपा की प्रदेश इकाई तो कह ही चुकी है कि 'पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को तभी सच्ची श्रद्धांजलि होगी जब बिहार में भाजपा की अपनी सरकार बनेगी।' इसलिये हाल ही में नीतीश कुमार राज्य भर का अकेले दौरा कर रहे हैं जबकि जेडीयू नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस का हिस्सा है। वे यह तैयारी कर रहे हैं कि भाजपा द्वारा धोखा मिलने पर वे अकेले चुनाव लड़ें। यह टास्क अपने आप में किसी को डराने या परेशान करने के लिये काफी होना चाहिये। इसके अलावा अनेक मामले हैं जिन्हें लेकर नीतीश घिरते जा रहे हैं। पहला तो है विशेष राज्य का दर्जा न मिलना जिसके आकर्षण में वे राजद के साथ गठबन्धन तोड़कर एनडीए में वापस चले गये थे। फिर, उनके कोर वोट बैंक दलितों, ओबीसी व मुसलमानों को भाजपा से दुश्वारियां मिलने के बावजूद उन्हें भाजपा के साथ जुड़े रहकर साथियों की नाराजगी व अपमान झेलना पड़ रहा है।

लेकिन सियासत की इन तमाम बातों से ऊपर उठकर सवाल यह है कि नीतीश कुमार या उनके जैसे कई और नेता किसी स्त्री के राजनीति में आगे बढ़ने पर सहज क्यों नहीं रह पाते हैं। राबड़ी देवी खुद से राजनीति में आईं या अपने पति के कहने पर आईं, यह किसी और की चिंता का विषय नहीं है। राबड़ी देवी के कार्यकाल की आलोचना नीतीश कुमार कर सकते हैं, लेकिन उनके राजनीति में होने पर कुछ कहना हर लिहाज से गलत है। नीतीश कुमार जब राबड़ी देवी पर कुछ न जानने का कटाक्ष कर रहे थे, तो वे एक स्त्री के साथ-साथ राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री को भी अपमानित कर रहे थे।

# एक बार ईदगाह पढ़िए मोदीजी

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

रमज़ान के पूरे तीस रोज़ों के बाद ईद आई है। कितना मनोहर, कितना सुहावना प्रभात है। वृक्षों पर अजीब हरियाली है, खेतों में कुछ अजीब रौनक़ है, आसमान पर कुछ अजीब लालिमा है। आज का सूर्य देखो, कितना प्यारा, कितना शीतल है, यानी संसार को ईद की बधाई दे रहा है। गांव में कितनी हलचल है। ईदगाह जाने की तैयारियां हो रही हैं।

हममें से बहुतों ने इन पंक्तियों को अपने बचपन में पढ़ा होगा। बताने की आवश्यकता शायद नहीं है, क्योंकि इन पंक्तियों में ईद की रौनक और ईदगाह जाने की तैयारी का वर्णन जिस तरह से किया गया है, पाठक समझ ही गए होंगे कि ये कथासम्राट प्रेमचंद की लेखनी का कमाल है। एक-एक शब्द पूरी जीवंतता के साथ आंखों के सामने उभर जाता है। ईद के मुबारक मौके पर गांव के बाकी बच्चों के साथ ईदगाह जाने की तैयारी में जुटे हामिद की मनोदशा का बड़ा मार्मिक वर्णन प्रेमचंद ने किया है। हामिद गरीब और अनाथ है, उसके जीवन में उसकी बूढ़ी दादी अमीना के सिवाए कोई नहीं है, जो बमुश्किल हामिद को महज तीन पैसों के साथ मेले भेजती है और आखिर में हामिद मेले में झूलों, मिठाइयों, खिलौनों को देखते हुए अपनी सारी इच्छाओं को मारकर दादी के लिए चिमटा खरीद लेता है, ताकि रोटी बनाते हुए उसके हाथ न जलें।

इस कहानी में बाल मनोविज्ञान को तो प्रेमचंद ने बेहद खूबसूरती से उकेरा ही है, तत्कालीन समाज का भी कमाल चित्रण किया है। प्रेमचंद लिखते हैं...

सहसा ईदगाह नज़र आया। ऊपर इमली के घने वृक्षों की छाया है। नीचे पक्का फ़र्श है, जिस पर जाज़िम बिछा हुआ है। और रोज़ेदारों की पंक्तियां एक के पीछे एक न जाने कहां तक चली गई हैं, पक्के जगत के नीचे तक, जहां जाज़िम भी नहीं है। नए आने वाले आकर पीछे की क़तार में खड़े हो जाते हैं। आगे जगह नहीं है। यहां कोई धन और पद नहीं देखता। इस्लाम की निगाह में सब बराबर हैं। इन ग्रामीणों ने भी वज़ू किया और पिछली पंक्ति में खड़े हो गए। कितना सुंदर संचालन है, कितनी सुंदर व्यवस्था! लाखों सिर एक साथ सिजदे में झुक जाते हैं, फिर सबके सब एक साथ खड़े हो जाते हैं, एक साथ झुकते हैं, और एक साथ घुटनों के बल बैठ जाते हैं। कई बार यही क्रिया होती है, जैसे बिजली की लाखों बत्तियां एक साथ प्रदीप्त हों और एक साथ बुझ जाएं, और यही क्रम चलता रहे। कितना अपूर्व दृश्य था, जिसकी सामूहिक क्रियाएं, विस्तार और अनंतता हृदय को श्रद्धा, गर्व और आत्मानंद से भर देती थीं, मानों भ्रातृत्व का एक सूत्र इन समस्त आत्माओं को एक लड़ी में पिरोए हुए है।

ईदगाह कहानी को जितनी बार भी पढ़ें, हर बार चमत्कृत सी खुशी मिलती है कि एक कथानक को कितना सुंदर विस्तार प्रेमचंद ने दिया है। आज ईदगाह कहानी की याद आने के दो प्रमुख कारण हैं। एक तो जल्द ही रमज़ान का महीना खत्म होने वाला है और फिर ईद आने वाली है। दूसरा सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार ईद से पहले सौगात ए मोदी नाम से एक अभियान शुरु किया है। जिसके तहत पार्टी देश भर में 32 लाख मुसलमानों को 'ईदी' बांटेगी। इस सौगात में जरूरतमंद मुसलमानों को एक किट दी जा रही है। जिसमें सेवइयां, सूखे मेवे, खजूर, महिलाओं के लिए सलवार सूट और पुरुषों के लिए कुर्ता पजामा का कपड़ा है। ईदी बांटने के लिए 32 हजार मस्जिदें देश भर में चिन्हित की गईं हैं जहां भाजपा के कार्यकर्ताओं को ये सौगात बांटने की जिम्मेदारी दी गई है। बताया जा रहा है कि अगले महीने गुड फ्राइडे और ईस्टर पर भी ईसाई समुदाय को ऐसे ही तोहफे बांटने की तैयारी चल रही है।

> **ईदगाह कहानी को जितनी बार भी पढ़ें, हर बार चमत्कृत सी खुशी मिलती है कि एक कथानक को कितना सुंदर विस्तार प्रेमचंद ने दिया है। आज ईदगाह कहानी की याद आने के दो प्रमुख कारण हैं। एक तो जल्द ही रमज़ान का महीना खत्म होने वाला है और फिर ईद आने वाली है। दूसरा सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार ईद से पहले सौगात ए मोदी नाम से एक अभियान शुरु किया है। जिसके तहत पार्टी देश भर में 32 लाख मुसलमानों को 'ईदी' बांटेगी।**

पहले तो इस अभियान के नाम की ही तारीफ कर लें, सौगात ए मोदी, यानी खालिस उर्दू ज़बान का इस्तेमाल इसके लिए किया गया है। पिछले दिनों जिस तरह उप्र विधानसभा में उर्दू को लेकर अप्रिय और अनावश्यक बहस भाजपा ने छेड़ी थी, क्या इसे उसका भूल सुधार माना जाए। खैर, इस अभियान से इस बात की भी खुशी है कि श्री मोदी ईद पर औपचारिक बधाई के शब्द लिखने से आगे बढ़ कर ईदी बांटने की बात कर रहे हैं। वर्ना वो दिन भी लोगों को याद है जब गुजरात दंगों के बाद नरेन्द्र मोदी ने सद्भावना उपवास तो किया, लेकिन सद्भावना दर्शाने के लिए मुस्लिम धर्मगुरुओं की तरफ से पेश की गई टोपी को पहनने से इंकार कर दिया था। अभी श्री मोदी न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री के साथ गुरुद्वारे गए थे और वहां उन्होंने पगड़ी पहनी थी, तो उनके प्रशंसकों ने गर्व से टोपी न पहनने का वीडियो जारी करते हुए लिखा था कि 20 प्रतिशत वोट खोने का डर उन्हें नहीं है, जबकि सिखों की पगड़ी पहनने में श्री मोदी को कोई ऐतराज नहीं है।

अच्छा है कि जो मन में है उसे खुलकर जाहिर कर दिया जाए। श्री मोदी तो वैसे भी मन की बात करने के उस्ताद हो चुके हैं। लेकिन अब भी उनके मन की बात का पूरी तरह से खुलासा नहीं हुआ है कि यूं अचानक ईद पर सौगात देने का ख्याल कैसे आ गया। वैसे तो भाजपा का तर्क है कि श्री मोदी हमेशा से अल्पसंख्यकों के हितैषी रहे हैं और उनका लक्ष्य सबका साथ, सबका विकास का है। विपक्ष ने सौगात ए मोदी पर जो सवाल उठाए हैं, उस पर भाजपा नाराजगी जता रही है। लेकिन सवाल उठने तो वाजिब हैं कि जो काम केंद्र की सत्ता में 11 साल रहते हुए नहीं किया और उससे पहले लगभग इतने ही साल गुजरात की सत्ता में रहकर नहीं किया, उसे करने का ख्याल एकदम से कैसे आ गया। क्या फरवरी में कतर से पधारे अमीर शेख़ तमीम बिन हमाद अल-थानी से दो दिनों की मुलाकात में नरेन्द्र मोदी का हृदय परिवर्तन हुआ। या इस समय जिस तरह वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम पर मुसलमानों ने मोर्चा खोल लिया है, उससे भाजपा चौकन्नी हो गई है और किसी बड़ी विपदा के आने से पहले बचाव की तैयारी में जुट गई है। अभी 17 मार्च को जंतर-मंतर पर मुस्लिम संगठनों के आह्वान पर जोरदार प्रदर्शन देश भर से आए मुसलमानों ने किया था। इसमें मुस्लिम संगठनों ने नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू से भी साथ देने का आग्रह किया था। बुधवार को बिहार विधानसभा के बाहर फिर से इसी तरह का प्रदर्शन हुआ। इस बीच नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू और चिराग पासवान की दावत-ए-इफ्तार का बहिष्कार भी जमीयत उलेमा ए हिंद समेत कई संगठनों ने किया। बिहार चुनाव से पहले इस तरह के बहिष्कार से एनडीए के लिए फिर से जीत दर्ज करना कठिन हो सकता है और इसका असर केंद्र की सत्ता पर भी पड़ सकता है।

तो क्या चुनावी गणित पर विचार करके सौगात ए मोदी जैसे अभियान का ख्याल श्री मोदी और भाजपा को आया है। वैसे चंद सूखे मेवों और कपड़ों की ईदी से एकाध दिन की खुशी मिल सकती है, मगर मुस्लिमों का असली हित तो तभी होगा, जब उन्हें दोयम दर्जे के नागरिकों की तरह न देखा जाए, न उनके साथ भेदभाव भरा व्यवहार हो। उनके नमाज़ पढ़ने पर उसी तरह ऐतराज न जताया जाए, जैसे किसी भी पेड़ के नीचे चबूतरे पर मंदिर बनाकर कीर्तन करने पर न किया जाता है। अभी नवरात्रि आने से पहले ही काशी, दिल्ली समेत कई जगहों पर मांस की दुकानें बंद करने की मांग उठ गई है, जबकि ईद भी आ रही है। बेशक इसमें सेवइंया मुख्य तौर पर बनाई जाएगी, लेकिन बाकी सामिष और निरामिष पकवान भी बनेंगे ही, फिर इस तरह के फरमान क्यों जारी किए जा रहे हैं। अभी होली पर ही अल्पसंख्यकों को जबरन डराने वाले बयान सत्ता और प्रशासन में बैठे लोगों की तरफ से आए थे। पिछले 11 सालों के ऐसे न जाने कितने उदाहरण हैं, जिनमें अल्पसंख्यकों, खासकर मुस्लिमों को केवल धर्म के कारण ही निशाने पर लिया गया।

तो प्रधानमंत्री जी से आग्रह है कि चुनाव के पहले ईदी देने से बेहतर है कि आप देश में फिर से वैसा ही माहौल बनाने के लिए काम करें, जैसे माहौल का वर्णन प्रेमचंद ने ईदगाह में किया है। एक बार ईदगाह पढ़िए मोदीजी, जहां अमीर-गरीब का भेद नहीं है और ईद की खुशियां कैसे मनाई जा रही हैं, इसका चित्रण एक लेखक खुलकर कर पा रहा है। सौगात तो ऐसी दीजिए कि फिर से लेखक ऐसे ही सुंदर समाज का मनोहारी खाका खींच सकें। आमीन।

# ट्रम्प की 2 अप्रैल की डेडलाइन के करीब आने से भारतीय दवा उद्योग तनाव में

■ टी एन अशोक

**क्या** भारत भी चीन की तर्ज पर भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क के विरुद्ध जवाबी टैरिफ लगा सकता है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने दोस्ताना संबंधों के बावजूद सार्वजनिक रूप से घोषणा की है कि अमेरिकी उत्पादों पर भारतीय टैरिफ सबसे अधिक हैं, इसलिए क्यों नहीं भारतीय उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाये जायें।

भारत चीन नहीं है और चीन भारत नहीं है, हमें यह स्पष्ट रूप से समझना चाहिए। सबसे पहले, चीन एक साम्यवादी देश है, जिसका देश की नीतियों पर पूर्ण नियंत्रण है और उसे किसी भी तरह का विरोध नहीं करना पड़ता, जबकि भारत एक लोकतंत्र है, जहां सत्ता में बैठे राजनीतिक नेता लोगों और विपक्षी दलों के प्रति जवाबदेह हैं, जो सार्वजनिक हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह आशंका है कि भारत के शीर्ष उद्योगपति गौतम अडानी और मुकेश अंबानी, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का लाभार्थी बताया जाता है, जिनका विनिर्माण से लेकर बुनियादी ढांचे और सूचना प्रौद्योगिकी तक के उद्योग में व्यापक प्रभाव है, अमेरिकी टैरिफ से बुरी तरह प्रभावित होंगे, हालांकि भारत के शीर्ष बैंक एसबीआई का दावा है कि भारतीय उद्योग पर अमेरिकी टैरिफ का प्रभाव सीमित होगा।

एसबीआई रिसर्च का कहना है कि यूएस टैरिफ भारतीय निर्यात में केवल 3-3.5प्रतिशत की कटौती कर सकते हैं। भारत के विविध निर्यात यूएस टैरिफ प्रभाव को कम करेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत यूएस पारस्परिक टैरिफ के प्रभाव को अवशोषित करने के लिए अच्छी स्थिति में है। रिपोर्ट के अनुसार विनिर्माण और सेवाओं में भारत के बढ़ते निर्यात पारस्परिक टैरिफ के प्रभाव को नकार देंगे।

> **भारत चीन नहीं है और चीन भारत नहीं है, हमें यह स्पष्ट रूप से समझना चाहिए। सबसे पहले, चीन एक साम्यवादी देश है, जिसका देश की नीतियों पर पूर्ण नियंत्रण है और उसे किसी भी तरह का विरोध नहीं करना पड़ता, जबकि भारत एक लोकतंत्र है, जहां सत्ता में बैठे राजनीतिक नेता लोगों और विपक्षी दलों के प्रति जवाबदेह हैं, जो सार्वजनिक हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं।**

जो भी हो, यदि ट्रम्प भारतीय दवाओं पर टैरिफ लगाते हैं, तो लाखों अमेरिकियों को दवाओं की लागत में उछाल देखने को मिल सकता है। अगले महीने भारत पर डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ के साथ, लाखों अमेरिकियों को अधिक चिकित्सा बिलों का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका में ली जाने वाली लगभग आधी जेनेरिक दवाएं अकेले भारत से आती हैं। जेनेरिक दवाएं - जो ब्रांड-नाम वाली दवाओं के सस्ते संस्करण हैं - भारत जैसे देशों से आयातित हैं, जो अमेरिका में 10 में से नौ नुस्खों में उपयोग किए जाते हैं। इससे वाशिंगटन को स्वास्थ्य सेवा लागत में अरबों की बचत होती है। कंसल्टिंग फर्म इक्विआ के एक अध्ययन के अनुसार, अकेले वर्ष 2022 में, भारतीय जेनेरिक दवाओं से अमेरिका की बचत 219 बिलियन (‚169 बिलियन) तक पहुंच गयी।

विशेषज्ञों का कहना है कि व्यापार समझौते के बिना, ट्रम्प के टैरिफ कुछ भारतीय जेनेरिक दवाओं को अव्यवहारिक बना सकते हैं, जिससे कंपनियों को बाजार के एक हिस्से से बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है और मौजूदा दवा की कमी और बढ़ सकती है। येल विश्वविद्यालय की दवा लागत विशेषज्ञ डॉ. मेलिसाबारबर का कहना है कि टैरिफ 'मांग-आपूर्ति असंतुलन को और खराब कर सकते हैं' और बीमा रहित और गरीब लोग दुष्प्रभावित होंगे। इसका असर कई तरह की स्वास्थ्य स्थितियों से पीड़ित लोगों पर पड़ सकता है। भारतीय फार्मास्युटिकल एलायंस (आईपीए) द्वारा वित्तपोषित इक्विआ अध्ययन के अनुसार, अमेरिका में उच्च रक्तचाप और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के लिए 60प्रतिशत से अधिक नुस्खे भारतीय निर्मित दवाओं से भरे जाते हैं।

चीनी आयात पर अपने टैरिफ के कारण ट्रम्प पहले से ही अमेरिकी अस्पतालों और जेनेरिक दवा निर्माताओं के दबाव का सामना कर रहे हैं। अमेरिका में बेची जाने वाली 87 प्रतिशत दवाओं के लिए कच्चा माल देश के बाहर स्थित है और मुख्य रूप से चीन में केंद्रित है, जो वैश्विक आपूर्ति का लगभग 40प्रतिशत पूरा करता है।

ट्रम्प के सत्ता में आने के बाद से चीनी आयात पर टैरिफ में 20प्रतिशत की वृद्धि हुई है तथा दवाओं के लिए कच्चे माल की लागत पहले ही बढ़ गयी है। ट्रम्प चाहते हैं कि कंपनियां उनके टैरिफ से बचने के लिए विनिर्माण को अमेरिका में स्थानांतरित करें।

फिजर और एलीलिली जैसी बड़ी फार्मा दिग्गज कंपनियां, जो ब्रांड नाम और पेटेंट वाली दवाएं बेचती हैं, ने कहा है कि वे कुछ विनिर्माण को वहां स्थानांतरित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन कम मूल्य वाली दवाओं के लिए अर्थशास्त्र सही नहीं है। भारत की सबसे बड़ी दवा निर्माता कंपनी सन फार्मा के अध्यक्ष दिलीप संघवी ने पिछले सप्ताह एक उद्योग सभा में कहा कि उनकी कंपनी अमेरिका में प्रति बोतल .1 से 5 के बीच की दर से गोलियां बेचती है और टैरिफ 'हमारे विनिर्माण को अमेरिका में स्थानांतरित करने का औचित्य नहीं देते'।

इंडिया फार्मास्यूटिकल एसोसिएशन (आईपीए) के सुदर्शन जैन कहते हैं, 'भारत में विनिर्माण अमेरिका की तुलना में कम से कम तीन से चार गुना सस्ता है।' कोई भी त्वरित स्थानांतरण असंभव होगा। लॉबी समूह पीएचआरएमए के अनुसार, एक नई विनिर्माण सुविधा बनाने में 2 बिलियन तक की लागत आ सकती है और इसे चालू होने में पांच से 10 साल लग सकते हैं।

भारत में स्थानीय फार्मा कंपनियों के लिए, टैरिफ झटका बहुत बड़ा हो सकता है। व्यापार अनुसंधान एजेंसी जीटीआरआई के अनुसार, फार्मास्यूटिकल क्षेत्र भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक निर्यात है। भारत सालाना लगभग .12.7 बिलियन मूल्य की दवाओं का निर्यात करता है, जिस पर लगभग कोई कर नहीं देना पड़ता है। हालांकि, भारत में आने वाली अमेरिकी दवाओं पर 10.91प्रतिशत शुल्क लगता है। इससे 10.9प्रतिशत का 'व्यापार अंतर' रह जाता है। जीटीआरआई के अनुसार, अमेरिका द्वारा कोई भी पारस्परिक टैरिफ जेनेरिक दवाओं और विशेष दवाओं दोनों की लागत बढ़ायेगा। यह फार्मास्यूटिकल्स को उन क्षेत्रों में से एक के रूप में चिह्नित करता है जो अमेरिकी बाजार में मूल्य वृद्धि के लिए सबसे अधिक असुरक्षित हैं।

भारतीय कंपनियां जो बड़े पैमाने पर जेनेरिक दवाएं बेचती हैं, वे पहले से ही कम मार्जिन पर काम करती हैं और वे भारी कर व्यय वहन नहीं कर पायेंगी। वे प्रतिस्पर्धी साथियों की तुलना में बहुत कम कीमतों पर दवा बेचते हैं, और दुनिया के सबसे बड़े फार्मा बाजार में हृदय, मानसिक स्वास्थ्य, त्वचाविज्ञान और महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी दवाओं में लगातार प्रभुत्व हासिल कर चुके हैं।

भारतीय उत्पाद कम प्रतिस्पर्धी हो जायेंगे, जिससे बाजार में गिरावट आएगी। निर्यात राजस्व में कमी और नौकरी का नुकसान, खास तौर पर श्रम-प्रधान उद्योगों में। रसायन, धातु, आभूषण, ऑटोमोबाइल और ऑटो पार्ट्स, कपड़ा, फार्मास्यूटिकल्स और खाद्य उत्पादों सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर सबसे ज्यादा असर पड़ने की उम्मीद है।

यदि अमेरिका अमेरिकी दवा आयात पर भारत के 10प्रतिशत टैरिफ से मेल खाता है, तो यह भारतीय निर्माताओं के मौजूदा लागत लाभ को समाप्त कर सकता है। यह कोई छोटी चिंता नहीं है, यह देखते हुए कि अमेरिका को दवा निर्यात भारत के कुल निर्यात का लगभग 31प्रतिशत है। यह अमेरिकी फार्मेसियों में बेची जाने वाली जेनेरिक दवाओं के निर्माता के रूप में भारत के महत्व को दर्शाता है। यदि ट्रम्प के टैरिफ उपभोक्ता कीमतों को बढ़ाते हैं, तो क्या अमेरिकी कंपनियां घरेलू स्तर पर जेनेरिक दवाओं का उत्पादन शुरू कर देंगी, जिससे भारत के सबसे आकर्षक निर्यात उत्पाद को नुकसान पहुंच सकता है?

मोदी सरकार ने इस धारणा को कम करने में तेज़ी दिखाई है कि वह अमेरिकी दबाव के आगे झुक गई है। लेकिन ट्रंप की टिप्पणी से भारतीय नीति निर्माताओं में गहन आत्ममंथन की शुरुआत हो सकती है। भारत ने अपने घरेलू उद्योगों, खास तौर पर कृषि, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स की रक्षा के लिए लंबे समय से टैरिफ का इस्तेमाल किया है। टैरिफ कम करने से ये उद्योग भयंकर आयात प्रतिस्पर्धा के सामने आ सकते हैं, जिससे स्थानीय व्यापार और नौकरियों को खतरा हो सकता है।



## ललित सुरजन की कलम से

# क्या तिलिस्म टूट रहा है?

*'विश्व के स्वघोषित सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी की ऐसी छवि जनमानस में हाल के बरसों में बस गई थी मानो वह कार्टून कथा के जादूगर मैंड्रेक के जनाडू (xanadu) जैसा तीन लोक से न्यारा, कल्पना में न समाने वाला ऐसा कोई अजूबा हो जो दूर से देखने पर चमत्कृत करे, और पास चले गए तो उसकी भूल-भूलैया में भटक कर रह गए। वह एक ऐसे अभेद्य किले के रूप में सामने था जिस पर कितने भी तीर बरसें, कितनी भी तोपें चलें, कोई असर होने वाला नहीं है। वह एक ऐसा भव्य राजमहल था जो राहगीरों को बरबस अपनी ओर खींच लेता था। इस नए जनाडू के जादूगर मैंड्रेक के कारनामे भी ऐसे कि जो सुने दांतों तले उंगली दबा ले। उसे भारत की जनता ने इक्कीसवीं सदी का सिकंदर माना। ऐसा सिकंदर जो विश्व विजय पर निकला है और जिसके हाथ की लकीरों में सिर्फ जीत ही दर्ज है। लेकिन इस बीच ऐसा कुछ तो हुआ है कि यह छवि अब दरकती सी प्रतीत होने लगी है!'*

**(देशबन्धु में 27 सितम्बर 2018 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/09/

## पावन प्रसंग

# महानता का पथ

हर व्यक्ति महान है: यदि वह अपने अंदर की महानता को जाग्रत कर सके। हम सभी के अंतस की भूमि उर्वर होती है। महानता के बीज भी यहीं 'पड़े' होते हैं। जिन्होंने इसे अंकुरित कर लिया, वे महानता की श्रेणी में आ खड़े हुए। साधारण-से-असाधारण बनने की कहानी के बीच यही छोटा-सा फासला है। महापुरुषों के निर्माण की प्रक्रिया भी यही है।

एक छोटी उम्र का लड़का था। वह गरीब था। जीविका के लिए लकड़ियां बेचा करता था। एक दिन सिर पर लकड़ी का गट्ठर उठाए उस लड़के पर एक सेठ जी की नजर पड़ी। वे उसके गट्ठर की ओर देख रहे थे। उनसे रहा न गया। लड़के से पूछा- 'किसने बांधा है ये गट्ठर' 'जी मैंने !' लड़के ने कहा।

सेठ जी चौंक गए, पूछा- 'क्या तुम दोबारा इसे उसी तरह बांध सकते हो?' 'हां, हां क्यों नहीं।' कहकर उसने दोबारा उसी तरतीब और ना खूबसूरती से गट्ठर बांध दिया। सेठ जी उस लड़के की प्रतिभा, लगन और सरलता के कायल हो गए। उसे अपने साथ ले गए और उसकी समुचित शिक्षा का प्रबंध किया। बड़ा होकर यही बच्चा यूनान का महान दार्शनिक पाइथागोरस बना।

महानता बस, एक प्रतीक है। जो खबर में हों, जिन्हें सब जानते हों, वे महान हों जरूरी नहीं। वास्तव में महानता की झलक उस बच्चे में है, जो खुद अनुशासित है और अपने बड़ों से भी यही अपेक्षा रखता है। महान वह नौकरानी भी है, जो माता-पिता की अनुपस्थिति में बच्चे मां का दुलार देती है, उसकी परवरिश का जिम्मा लेती है।

सड़क पर चलता वह युवक भी महानता की श्रेणी में आ खड़ा होता है, जो अपने समय और पैसे की परवाह न करते हुए किसी जरूरतमंद की मदद के लिए आगे आता है। ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं, जो हमें हर व्यक्ति में महानता के दर्शन कराते हों। जो महानता के ऐसे ही लक्षणों को ताउम्र बनाए रखते हैं, वही एक दिन महानता का शिखर भी छू लेते हैं।

दार्शनिक कन्फ्यूशियस के मुताबिक, महान वे भी हैं, जो साधारण हैं। महानता हमारी सोच में है, हमारे अंदर बसती है। जिन्होंने सामान्य पृष्ठभूमि से निकलकर बड़ा मुकाम हासिल किया है, ऐसे व्यक्तियों की प्रशंसा करते हम नहीं थकते, पर सहसा यह निष्कर्ष भी निकाल लेते हैं कि वे असाधारण हैं, इसलिए इन लोगों तक पहुंचना सबके बूते की बात नहीं। ऐसे लोगों को किस्मत का धनी भी कह दिया जाता है। दूसरों को अलग बताने या किस्मत का धनी बताने की यह प्रवृत्ति हमें हमारे प्रयासों पर यकीन नहीं करने देती। यदि आप किस्मत आजमाते हुए थक जाएं तो खुद को आजमाना शुरू करें।

महापुरुषों का जीवन अलग नहीं होता। उनके जीवन की परिस्थितियां भी वही होती हैं, जो एक सामान्य मनुष्य की होती हैं, बल्कि कई बार अपेक्षाकृत ज्यादा विकट भी। और-तो-और, जो भी प्रशंसा के काबिल बने, उन्होंने यह सोचकर कभी कोई काम नहीं किया होगा कि उन्हें महान बनना है।

-अखंड ज्योति

## आपके पत्र

# शब्द और लेखनीं के अद्भुत परिणाम

शब्दों की महिमा को अपरंपार और अक्षर को नश्वर बताया गया है। वैसे तो लेखनी की तीव्रता तलवार से ज्यादा नुकीली और भाले से ज्यादा चुभने वाली होती है। तलवार की धार से मनुष्य एक बार बच भी सकता है पर लेखनी से लिखे गए शब्द व्यक्ति को मृत्यु सा मूर्छित कर देते है। इसीलिए चिंतकों ने कहा है बोलने से पहले और लिखने से पहले कई बार सोचें और बोलने के बाद सोचने वाला व्यक्ति समाज में मूर्खों की श्रेणी में गिना जाता है। राजनीति और कूटनीति में सारी जद्दोजहद शब्दावली और भाषणों की होती है। कूटनीति में एक शब्द के कई अर्थ निकाले जाते हैं और उससे अपना हित अहित साधा जाता है।


मुंह से बोले गए शब्द और वाक्य बहुत सकारात्मक भी हो सकते हैं और बड़े ही भयंकर नकारात्मक भी हो सकते हैं। एक ही शब्द कहीं पर बड़े से बड़ा दंगा करवा सकते हैं और कहीं पर बोले गए प्यार के शब्द बड़े-बड़े विवादों में सुलह करा सकते हैं। शब्द की परिणति उसकी मुक्ति ही करती है। बड़े-बड़े राजनेता अभिनेता अपने मुंह से बोले गए शब्दों से लोकप्रियता के चरम पर पहुंच जाते हैं और कहीं किसी नेता के मुंह से निकला हुआ शब्दरूपी बाण समाज में जहर भर देता है। शब्दों के जादूगर बड़ी-बड़ी आम सभाओं में सोच समझकर इस्तेमाल कर अपना सार्थक प्रभाव छोड़ते सत्ता परिवर्तन भी शब्दों के माया जाल से रहित होता है। अंग्रेजी साहित्य में अरनेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना जाता था। उनके शब्दों का प्रभाव सीधे पाठकों के दिल तक पहुंच जाता था इसी तरह हिंदी में तुलसीदास विश्वव्यापी कवि है उनकी वाणी में सत्य और अमृत है। आधुनिक हिंदी साहित्य में अज्ञेय जी को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है। उनकी शब्दावली कठिन होते हुए भी पढ़ने वालों के मर्म तक पहुंच जाती है। महान कथाकार मुंशी प्रेमचंदजी हिंदी और देवनागरी लिपि को आत्मसात कर उपन्यास तथा कहानी लिख कर अमरत्व को प्राप्त किया है। देवकीनंदन खत्री जी ने भी उपन्यासों- चंद्रकांता संतति, भूतनाथ पढ़ने के लिए हिंदी को सीखा और मनन किया और लोकप्रिय उपन्यास की उत्पत्ति की, कबीर अपने फक्कड़पन की भाषा के कारण उत्तर भारत के सभी दिलों में समाए हुए हैं। निःसंदेह शब्द जीवंतता प्रदान करते हैं और जीवनशैली को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं और द्रौपदी द्वारा कहे गए शब्द महाभारत की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। इसलिए सदैव कहा जाता है कि संभलकर बोलने से सद्गति प्राप्त होती है। इसीलिए तो संभल कर सही और उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। जो सदैव अच्छा वक्ता होता है अपने विचारों को संभल कर बोलता है भले ही वह दिलों को ना छुए पर उसका जनमानस को जीतना तय होता है और संसार पर वही राज करता है जो अपने शब्दों का सही इस्तेमाल करता है।

-संजीव ठाकुर

# खेल जगत

## पैरालिंपिक पदक के बिना अधूरी हूं : भाग्यश्री जाधव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में चल रहे खेलो इंडिया पैरा गेम्स में गोला और भाला फेंक स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली भाग्यश्री जाधव का कहना है कि 'पैरालंपिक पद के बिना मैं अधूरी हूं। टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 खेलों में पदक से चूकने के बाद भाग्यश्री को उम्मीद है कि जब वह लॉस एंजिल्स (एलए) 2028 में प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगी तो किस्मत उनका साथ देगी। महाराष्ट्र की 37 वर्षीय भाग्यश्री को प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से लगाव हो गया है, जो दूसरे खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं का स्थल है। व्हीलचेयर पर चलने वाली भाग्यश्री ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स में गोला और भाला फेंक प्रतिस्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीते। इससे यह पता चलता है कि वह शानदार फॉर्म में हैं। एफ 33-34 श्रेणी में भाग लेते हुए, भाग्यश्री ने पिछले डेढ़ साल में तीन स्पर्धाओं में छह स्वर्ण पदक जीते हैं।



# ऋषभ पंत की लखनऊ सुपर जायंटस के लिए हैदराबाद को रोकना मुश्किल

## तेज गेंदबाज मयंक व मोहसिन के चोट से बाहर होने से गेंदबाजी लखनऊ की कमजोर कड़ी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह





**नई दिल्ली,** 26 मार्च (देशबन्धु)। मौजूदा सीजन का पहला शतक शतक जड़ने वाले ईशान किशन,अभिषेक शर्मा, ट्रेविज हेड, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन, नीतिश रेड्डी जैसे पहले से अंतिम गेंद तक एक ही अंदाज में दे दनादन कर गेंदबाजों का हौसला पस्त करने वाले शीर्ष क्रम में शुरू के पांच विस्फोटक बल्लेबाजों और पैट कमिंस, मोहम्मद शमी, सिमरजीत जैसे तेज गेंदबाजों और अनुभवी लेग स्पिनर एडम जम्पा से सज्जित पिछली उपविजेता राजस्थान रॉयल्स पर 44 रन से जीत से आगाज करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल 2025 में उसके घर में हरा खुद जीत की राह पर वापस लौटना ऋषभ पंत की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जायंटस के लिए बृहस्पतिवार को रोकना बेहद मुश्किल होगा। तेज गेंदबाज मयंक यादव और मोहसिन खान के चोट से बाहर होने से गेंदबाजी लखनऊ सुपर जायंटस की कमजोर कड़ी दिखाई देती है। ऑलराउंडर मिचेल मार्श के चोट से उबरने के बाद फिलहाल केवल बतौर बल्लेबाज खेलने से भी लखनऊ का गेंदबाजी संतुलन गड़बड़ाया लगता है। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले सीजन में लखनऊ सुपरजायंट्स को दस विकेट से जरूर हराया था। लखनऊ सुपर जायंटस के लिए अच्छी बात यह है कि इससे पहले वह सनराइजर्स हैदराबाद से आईपीएल में अपने तीनों मैच दमदार अंदाज में जीत चुकी है। वहीं राजस्थान रॉयल्स पर पहले मैच में धमाकेदार आगाज करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद अपनी जीत को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श और निकोलस पूरन के विस्फोटक अर्द्धशतकों के बावजूद अपने कप्तान ऋषभ पंत और आयुष बडोनी के सस्ते में आउट होने के चलते लखनऊ सुपर जायंटस की टीम अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से बेहद करीब संघर्ष में तीन गेंदों के बाकी रहते मात्र एक विकेट से हार गई थी। लखनऊ सुपर जायंटस के पास मिचेल मार्श व एडन मार्क्रम की सलामी जोड़ी के साथ निकोलस पूरन, कप्तान ऋषभ पंत,डेविड मिलर, आयुष बडोनी और ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर व शहबाज खान के साथ आठवें नंबर तक दे दनादन कर प्रतिद्वंद्वी टीम के गेंदबाजों की लय बिगाड़ने का दम रखने वाले विस्फोटक बल्लेबाज हैं। लखनऊ सुपर जायंटस को बड़ा स्कोर खड़ा करने या बड़े स्कोर का पीछा करने के लिए जरूरी है इसके शीर्ष कर मे से कम से कम चार बल्लेबाज अपनी ख्याति के मुताबिक आक्रामक बल्लेबाजी करें। लखनऊ सुपर जायंटस के लिए हैदराबाद के खिलाफ मैच से पहले एक अच्छी खबर यह है कि मोहसिन खान की तरह चोट से जूझने के बार तेज गेंदबाज आवेश खान अब मैच में खेलने के लिए उपलब्ध हैं। कप्तान ऋषभ पंत और आयुष बडोनी दिल्ली के खिलाफ पहले मैच में भले ही सस्ते में आउट हो गए थे लेकिन इन दोनों दुनिया और हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस व मोहम्मद शमी के साथ लेग स्पिनर एडम जंपा की गेंदबाजी की लय बिगाड़ने की कूवत है। लखनऊ की टीम तेज गेंदबाज सिद्धार्थ की जगह जरूर ही अब बीसीसीआई की मेडिकल टीम द्वारा फिट घोषित आवशय खान को शामिल करेगी। लखनऊ के अर्शिन कुलकर्णी और राजवर्धन हंगरगेकर प्रिंस यादव की जगह बतौर गेंदबाज बेहतर विकल्प हो सकते हैं और साथ दोनों जरूरत पर बल्ला भांजने की भी कूवत रखते हैं। हैदराबाद की ताकत पहली से आखिरी गेंद तक एक ही अंदाज में प्रहार और प्रहार करना है। लखनऊ के बड़े दिल वाले नौजवान लेग स्पिनर रवि बिश्नोई और हेड, अभिषेक शर्मा, क्लासेन के बीच दिलचस्प संघर्ष देखने को मिल सकता है। रवि बिश्नोई के पास अपनी गुगली से कुछ, अभिषेक व क्लासेन करे सस्ते में पैवेलियन लौटान। की क्षमता है। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंबाज पैट कमिंस और लेग स्पिनर एडम जाम्पा की उनके ही देश के विस्फोटक ओपनर मिचेल मार्श और निकोलस पूरन, डेविड मिलर और कप्तान ऋषभ पंत व आयुष बडोनी जवाबी हमले बोल कर उनकी लय बिगाड़ कर अपनी टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने का दम रखते हैं।

**मैच : लखनऊ सुपर जायंटस वि सनराइजर्स हैदराबाद ( हैदराबाद शाम साढ़े सात बजे से**

■ **सनराइजर्स हैदराबाद अपनी जीत को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी**

# मेरा फोकस एफआईएच प्रो लीग और पुरुष हॉकी एशिया कप : अमित रोहिदास



**नई दिल्ली,** 26 मार्च (देशबन्धु)। चार ओलंपिक खेल हॉकी में दुनिया के बेहतरीन फुलबैक के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले हॉकी इंडिया के मौजूदा अध्यक्ष दिलीप तिर्की के ओडिशा के आदिवासी सुंदरगढ़ जिले के सोना मारा से हॉकी उनसे भी एक लिहाज दो कदम आगे बढ़ भारत को लगातार दूसरी बार ओलंपिक में कांस्य जिताने वाली टीम के सदस्य अमित रोहिदास का परिवार उनके गांव का इकलौता गैर आदिवासी हिंदू परिवार है। अमित रोहिदास की गिनती अब भारत ही नहीं दुनिया के पेनल्टी कॉर्नर को रोकने वाला सबसे मुस्तैद रशर के रूप में होती है। अमित रोहिदास को अभी हाल ही में सातवें हॉकी इंडिया सालाना अवार्ड में हॉकी इंडिया परगट सिंह अवार्ड फॉर द' डिफेंडर ऑफ द' ईयर 2024 से नवाजे जाने के साथ पांच लाख रुपये का नकद इनाम भी दिया गया। अमित रोहिदास ने भविष्य की बाबत कहा,'मेरा ध्यान कदम ब कदम आगे बढ़ने पर है। फिलहाल मेरा फोकस आने वाली चुनौतियों खास तौर पर इस साल जून में एफआईएच प्रो लीग और बाद में पुरुष हॉकी एशिया कप पर है क्योंकि दोनों ही टूर्नामेंट हमें 2026 के एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका देंगे।

मैं इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ देने को प्रतिबद्ध हूं। ओलंपिक में लगातार दूसरी बार कांस्य जीतना और इसमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओलंपिक में ऐतिहासिक जीत मेरे हॉकी करियर के यादगार क्षण है 2024 का पेरिस ओलंपिक वाकई खास है क्योंकि हमने इसमें ऑस्ट्रेलिया को ओलंपिक में 52 बरस के हराया और यह हमारे भारतीय हॉकी टीम के लिए एक बड़ा क्षण था इस जीत ने हमें बहुत आत्मविश्वास दिखा और फिर ओलंपिक में कांस्य जीतना और यादगार बन गया। इस क्षण को मैं हमेशा याद रखूंगा।' वह बताते हैं,' मेरे साथ तीन खिलाड़ियों-संजय, हमारे कप्तान हरमनप्रीत सिंह और भारतीय महिला हॉकी टीम की फुलबैक उदिता दुहान-को हॉकी इंडिया परगट सिंह अवार्ड फॉर द' डिफेंडर ऑफ द' ईयर 2024 के लिए नामित किया गयाथा। तब मैं यह कह सकता कि कौन यह अवॉर्ड जीतेगा।

मैं तो इस बस अवार्ड के लिए नामित किए जाने पर ही खुश था और जब मैंने यह अवॉर्ड जीता तो खुश होने के साथ हैरान भी था। यह एक शानदार अहसास था। कहा मेरी मित्र मंडली में ज्यादातर गैर हॉकी खिलाड़ी है और वे मुझे मेसेज कर कह रहे थे कि मैं यह अवार्ड जीतूंगा। पर मैंने यही सोचा कि जो भी होगा वह भगवान के हाथ में है। मैं इस अवॉर्ड को जीतने की कोई उम्मीद नहीं कर रहा था क्योंकि मुकाबला बेहद कड़ा था। मैं इस अवॉर्ड से नवाजे जाने पर आभारी हूं। मुझे परगट सिंह अवार्ड फॉर द' डिफेंडर ऑफ द' ईयर मुझे देश और भारतीय हॉकी टीम के लिए और कड़ी मेहनत करने को प्रेरित करेगा।

■ **ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओलंपिक में ऐतिहासिक जीत मेरे हॉकी कॅरियर के यादगार क्षण**

■ **परिवार ने कहा, देश के लिए खेलना जारी रखेंगे तो ये अवॉर्ड जीतते रहेंगे**

**'मेरा ध्यान कदम ब कदम आगे बढ़ने पर है। फिलहाल मेरा फोकस आने वाली चुनौतियों खास तौर पर इस साल जून में एफआईएच प्रो लीग और बाद में पुरुष हॉकी एशिया कप पर है : अमित रोहिदास**

## पीएम मोदी और खेल मंत्री ने सेपक टकरा टीम को दी बधाई



**नई दिल्ली,** 26 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बिहार के पटना में पाटलिपुत्र स्टेडियम में आयोजित सेपक टकरा विश्व कप 2025 में भारतीय सेपक टकरा दल के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें हार्दिक बधाई दी है। पीएम मोदी ने इस स्पर्धा में भारत के पहले स्वर्ण पदक के साथ इतिहास रचने के लिए पुरुष रेगु टीम की भी सराहना की। महिला टीम ने भी इस वर्ग में कांस्य पदक हासिल कर देश को गौरवान्वित किया। एक्स पर एक पोस्ट में, पीएम मोदी ने कहा कि सेपक टकरा विश्व कप 2025 में शानदार खेल उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने के लिए हमारे दल को बधाई! दल ने 7 पदक जीते। पुरुष रेगु टीम ने भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक लाकर इतिहास रच दिया। उन्होंने कहा कि यह शानदार प्रदर्शन वैश्विक सेपक टकरा क्षेत्र में भारत के लिए एक आशाजनक भविष्य का संकेत देता है। युगल वर्ग में, भारतीय महिला टीम ने म्यांमार के खिलाफ़ एक करीबी मुकाबले के बाद रजत पदक हासिल किया, जिसने स्वर्ण पदक जीता। कांस्य पदक जापान और ईरान को संयुक्त रूप से दिया गया। इस बीच, भारतीय पुरुष टीम ने युगल स्पर्धा में मलेशिया के साथ संयुक्त रूप से कांस्य पदक जीता।

# नंबर 1 टी-20 ऑलराउंडर बने हुए हैं हार्दिक पांड्या



**दुबई,** 26 मार्च (एजेंसियां)। भारत के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने अपना नंबर 1 टी-20 ऑलराउंडर स्थान बरकरार रखा है, जबकि अभिषेक शर्मा, नंबर 2 टी-20 बल्लेबाज, और वरुण चक्रवर्ती, नंबर 2 टी-20 गेंदबाज ने भी आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग में अपना स्थान हासिल किया है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने आईसीसी पुरुष टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में महत्वपूर्ण छलांग लगाई है, जो चल रही पांच मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन के बाद पहली बार शीर्ष पांच में शामिल हुए हैं। डफी माउंट माउंगानुई में 4/20 और ऑकलैंड में पिछले मैच में 1/37 के प्रभावशाली प्रदर्शन की बदौलत नवीनतम रैंकिंग अपडेट में सात पायदान चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड की पाकिस्तान पर 115 रनों की शानदार जीत में उनके योगदान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिससे सीरीज में 3-1 की बढ़त हासिल हुई। डफी न्यूजीलैंड के एकमात्र गेंदबाज नहीं हैं, जिनकी रैंकिंग में उछाल आया है। माउंट माउंगानुई में 3/25 के आंकड़े के साथ उनका साथ देने वाले जकारी फाउलकेस ने 26 पायदान की छलांग लगाकर 64वां स्थान हासिल किया है। इस बीच, पाकिस्तान के हारिस राउफ ने भी महत्वपूर्ण प्रगति की है, पिछले दो मैचों में से प्रत्येक में तीन विकेट लेने के बाद 11 पायदान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सीरीज में अपने लगातार प्रदर्शन के बाद अब्बास अफरीदी अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 36वें स्थान पर पहुंच गए हैं। नवीनतम रैंकिंग अपडेट में कई बल्लेबाजों ने भी महत्वपूर्ण लाभ हासिल किया है। माउंट माउंगानुई में 20 गेंदों में 50 रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के फिन एलन दो पायदान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके साथी मार्क चैपमैन ने ऑकलैंड में 94 रनों की शानदार पारी खेलकर 51वें से 41वें स्थान पर पहुंचकर और भी बड़ी छलांग लगाई है। पाकिस्तान के लिए युवा बल्लेबाज हसन नवाज ने ऑकलैंड में नाबाद 105 रनों की पारी खेलकर 77वें स्थान पर पहुंचकर बड़ा प्रभाव डाला है। रैंकिंग अपडेट में हाल ही में विंडहोक में नामीबिया और कनाडा के बीच संपन्न पांच मैचों की टी20 सीरीज को भी ध्यान में रखा गया है, जहां मेजबान टीम ने 5-0 से सीरीज में क्लीन स्वीप हासिल की। नामीबिया के निकोलस डेविन 27 पायदान चढ़कर 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जो उनके देश के सर्वोच्च रैंकिंग वाले बल्लेबाज बन गए हैं, जबकि कप्तान गेरहार्ड इरास्मस गेंदबाजी रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर 98वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## जोकोविच ने मुसेट्टी को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया

**मियामी,** 26 मार्च (एजेंसियां)। छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने बुधवार (भारतीय समयानुसार) को 15वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी के खिलाफ 6-2, 6-2 से जीत के साथ एटीपी मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 37 वर्षीय खिलाड़ी, जो अब अपने 100वें टूर-लेवल खिताब से तीन जीत दूर हैं, अब उनका अगला मुकाबला अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा से होगा। यह 2019 के बाद से मियामी में जोकोविच की पहली उपस्थिति है। एटीपी के अनुसार, 2016 में क्रैंडन पार्क में खिताब जीतने के बाद से वह क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंचे थे। जोकोविच शुरुआती ब्रेक में पिछड़ गए और उन्हें समय उल्लंघन की चेतावनी दी गई। वह क्षण निर्णायक साबित हुआ, क्योंकि 40 बार के मास्टर्स 1000 विजेता ने वहीं से लय हासिल कर ली। चौथे वरीय खिलाड़ी ने लगातार नौ गेम जीतकर घाटे को भूस्खलन में बदल दिया, और अंतत: एक घंटे और 23 मिनट के बाद अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर ली।

# फीफा ने क्लब विश्व कप 2025 के लिए 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि की घोषणा की



**नई दिल्ली,** 26 मार्च (एजेंसियां)। फीफा ने अपनी नई क्लब प्रतियोगिता के लिए वितरण मॉडल की पुष्टि की है, जिसमें 32 भाग लेने वाले क्लबों के लिए 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि, साथ ही एक पर्याप्त और अभूतपूर्व वैश्विक एकजुटता मॉडल शामिल है। टूर्नामेंट का विजेता 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक कमा सकता है।

ग्रुप स्टेज में प्रतिस्पर्धा करने वाली टीमें छह ग्रुप मैच में प्रत्येक जीत के लिए 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर और ड्रॉ के लिए 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर कमाएंगी। जैसे-जैसे क्लब नॉकआउट राउंड में आगे बढ़ते हैं, वित्तीय पुरस्कार काफी बढ़ जाते हैं, राउंड ऑफ 16 में अतिरिक्त 7.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई होती है, क्वार्टर फाइनल में 13.125 मिलियन अमेरिकी डॉलर, सेमीफाइनल में 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर और फाइनलिस्ट को 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलते हैं। टूर्नामेंट के विजेता को 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर की प्रभावशाली राशि मिलेगी। फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा क्लब विश्व कप का वितरण मॉडल क्लब फुटबॉल के शिखर को दर्शाता है और सात मैचों के ग्रुप चरण और प्लेऑफ प्रारूप वाले फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें विजेताओं के लिए 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर का संभावित भुगतान है। फीफा क्लब विश्व कप का नया प्रारूप जून और जुलाई 2025 में विश्व मंच पर दिखाई देगा, जब दुनिया की 32 प्रमुख टीमें उद्घाटन संस्करण के लिए यूएसए में एकत्रित होंगी। यह वास्तव में वैश्विक आयोजन छह अंतरराष्ट्रीय संघों में से प्रत्येक के सबसे सफल क्लब पक्षों को एक साथ लाएगा- एएफसी, सीएएफ, कॉनकाकाफ, कॉनमेबोल, ओएफसी और यूईएफए। भाग लेने वाली टीमों के लिए पुरस्कार राशि के अलावा, एक अभूतपूर्व एकजुटता निवेश कार्यक्रम है, जिसके तहत हमारा लक्ष्य दुनिया भर में क्लब फुटबॉल को अतिरिक्त 250 मिलियन डॉलर प्रदान करना है। यह एकजुटता निस्संदेह फुटबॉल को वास्तव में वैश्विक बनाने के हमारे चल रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगी।

■ **टूर्नामेंट का विजेता 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक कमा सकता है**

## सीनियर एशियाई कुश्ती: सुनील कुमार ने अम्मान में ग्रीको-रोमन 87 किग्रा में कांस्य पदक जीता

**अम्मान ( जॉर्डन ),** 26 मार्च (एजेंसियां)। ग्रीको-रोमन पहलवान सुनील कुमार ने मंगलवार को जॉर्डन के अम्मान में शुरू हुई 2025 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में पहले दिन कांस्य पदक जीतकर भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। कुश्ती महासंघ ने मंगलवार रात एक बयान में बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन मंगलवार को कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें ग्रीको-रोमन शैली के पांच भार वर्गों में मुकाबले हुए। पुरुषों के 87 किलोग्राम ग्रीको-रोमन में सुनील कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में चीनी पहलवान जियाक्सिन हुआंग को विक्ट्री बाय पॉइंट्स (5-1) से हराकर देश के लिए कांस्य पदक सुनिश्चित किया। पोडियम तक पहुंचने के अपने सफर में 25 वर्षीय सुनील कुमार ने ताजिकिस्तान के पहलवान सुखरोब अब्दुलखाएव को हराया। फिर, वह सेमीफाइनल में ईरान के यासीन अली याजदी से हार गए, जिन्होंने फाइनल में उज्बेकिस्तान के जलगासबे बर्दीमुरातोव से हारकर रजत पदक जीता।

# मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना फुटबॉल टीम अक्टूबर में भारत दौरे के लिए तैयार

■ **तापिया ने कहा, हमारी टीम के विस्तार के लिए एक नया मील का पत्थर हासिल किया गया है, जिससे भारत और सिंगापुर दोनों में नए अवसर खुल रहे हैं**



**नई दिल्ली,** 26 मार्च (एजेंसियां)। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) ने बुधवार को घोषणा की कि लियोनल मेसी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम अक्टूबर 2025 में एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी मैच के लिए भारत का दौरा करेगी। यह यात्रा 2026 विश्व कप क्वालीफिकेशन फाइनल मैचों से पहले अर्जेंटीना के वैश्विक आउटरीच प्रयासों के हिस्से के रूप में हो रही है। एएफए के अध्यक्ष क्लाउडियो फैबियन तापिया ने इस पहल को अर्जेंटीना के अंतरराष्ट्रीय विकास में एक मील का पत्थर बताया। तापिया ने कहा, हमारी टीम के विस्तार के लिए एक नया मील का पत्थर हासिल किया गया है, जिससे भारत और सिंगापुर दोनों में नए अवसर खुल रहे हैं। हम 2025 और 2026 में आगे बढ़ने के साथ-साथ कई क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए तत्पर हैं। एसोसिएशन 2021 से भारत में अपनी उपस्थिति बनाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जो फुटबॉल के प्रति देश के जुनून को पहचानता है। एएफए के मुख्य वाणिज्यिक और विपणन अधिकारी लिएंड्रो पीटरसन ने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल वैश्विक स्तर पर प्रमुख क्षेत्रों में विस्तार करने की उनकी दीर्घकालिक रणनीति के अनुरूप है। पीटरसन ने कहा कि यह एएफए के वैश्विक विस्तार में एक नया कदम है। 2021 से, हमने भारत में प्रमुख अवसरों की पहचान की है और स्थानीय फुटबॉल समुदाय के साथ एक मजबूत संबंध बनाया है। हमारा लक्ष्य अर्जेंटीना के फुटबॉल के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को प्रशंसकों तक पहुंचाते हुए इन संबंधों को मजबूत करना जारी रखना है। मेसी इससे पहले 2011 में भारत आए थे, जब अर्जेंटीना ने कोलकाता में वेनेजुएला के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर खेला था। अर्जेंटीना ने साल्ट लेक स्टेडियम में वह मैच 1-0 से जीता था।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को टी-20 सीरीज में 4-1 से रौंदा



■ **जिमी नीशम के पांच विकेट के बदौलत पाकिस्तान 128 पर ढेर**

**वेलिंगटन,** 26 मार्च (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड ने बुधवार को स्काई स्टेडियम में पांचवें और अंतिम टी-20 मैच में आठ विकेट से जीत हासिल कर पाकिस्तान के खिलाफ 4-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। जिमी नीशम के पांच विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 128-9 पर रोक दिया। जवाब में, टिम सीफर्ट ने 38 गेंदों पर नाबाद 97 रनों की तूफानी पारी खेली और न्यूजीलैंड को लक्ष्य हासिल करने के लिए सिर्फ दस ओवरों की जरूरत थी। टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला करते हुए न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने तुरंत ही पाकिस्तान पर दबाव बना दिया। विल ओ' रूर्के और जैकब डफी ने शुरुआत में ही विकेट चटका दिए, जिससे मेहमान टीम का स्कोर पावरप्ले में 24/3 हो गया। पाकिस्तान की पारी कभी गति नहीं पकड़ पाई, नीशम ने बीच के ओवरों में कहर बरपाया और उनके स्पैल के कारण पाकिस्तान का स्कोर आधे समय में 5 विकेट पर 52 रन हो गया। इसके बाद कप्तान सलमान आगा और शादाब खान ने 35 गेंदों में 54 रनों की साझेदारी की, जिसके बाद पाकिस्तान ने अपने आखिरी पांच विकेट सिर्फ 22 रन पर गंवा दिए और 128 रन पर सिमट गया। 129 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की सलामी जोड़ी फिन एलन (27) और सीफर्ट ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया।

## सार संक्षेप

### डीडीए ने डीटीसी को हराया

**नई दिल्ली।** डीएसए इंस्टिट्यूशंन लीग में बुधवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने डीटीसी को हराया। वहीं इससे पहले खेला गया दिल्ली ऑडिट और भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय के बीच मैच ड्रा रहा। विनोद नगर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स मैदान पर खेले गए दिन के पहले मुकाबले में बीते कल के सितारा खिलाड़ियों से सजे दिल्ली ऑडिट और भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय के मध्य खेला गया सांस्थानिक फुटबाल लीग का उद्घाटन मैच गोल शून्य बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरे मैच में दिल्ली विकास प्राधिकरण ने आकाश बिष्ट और विवेक के गोलों से डीटीसी पर 2-0 की जीत दर्ज की। पूर्व फुटबॉलर और कोच अनादी बरुआ ने लीग का उद्घाटन किया । इस अवसर पर डीएसए के कोषाध्यक्ष लियाकत अली सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### अर्जेंटीना ने फीफा विश्वकप 2026 के लिए किया क्वालीफाई

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना ने एक क्वालीफायर मुकाबले में ब्राजील को करारी शिकस्त देते हुए फीफा विश्वकप 2026 में अपनी जगह बना ली हैं। एस्टाडियो मोनुमेंटल के सुपरक्लासिको में मंगलवार को खेले गये मुकाबले में अर्जेंटीना ने ब्राजील पर 4-1 से शानदार जीत दर्ज की। लियोनेल मेस्सी की गैरमौजूदगी में, लियोनेल स्कालोनी के खिलाड़ियों ने दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर के 14वें दौर में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। जूलियन अल्वारेज ने चौथे मिनट में अपना पहला गोल दागा। इस गोल के साथ ही घरेलू दर्शकों खुशी से झूम गये। इसके बाद एन्जो फर्नांडीज, एलेक्सिस मैक एलिस्टर और गिउलिआनो शिमोन ने इस स्कोर में एक-एक गोल का इजाफा किया। इसी के साथ अर्जेंटीना का अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी ब्राजील पर दबदबा और मजबूत हुआ। पहले हाफ के बीच में ब्राजील के मैथियस कुन्हा एक गोल करने में सफल रहे, लेकिन यह महज सांत्वना साबित हुआ। ब्राजील ने पिछली बार नवंबर 2016 में अर्जेंटीना को हराया था। इसी के साथ ही अर्जेंटीना, जापान, न्यूजीलैंड और ईरान के बाद 2026 संस्करण के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी टीम बन गई। पिछले पांच मुकाबलों में अर्जेंटीना की ब्राजील के खिलाफ यह चौथी जीत है।

### ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने न्यूजीलैंड को आठ रनों से हराया

**वेलिंग्टन।** जॉर्जिया वोल (75) रन के बाद एनाबेल सदरलैंड (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने बुधवार को टी-20 सीरीज के तीसरे और अखिरी मैच में न्यूजीलैंड को आठ रन से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 3-0 से जीत ली हैं। 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 54 के स्कोर तक अपने चार विकेट गवां दिये। कप्तान सूजी बेट्स (तीन), जॉर्जिया प्लिमर (चार), बेला जेम्स (14) और सोफी डिवाइन (एक) रन बनाकर आउट हुई।

# टीकमगढ़ में 5 करोड़ का गेहूं जब्त, लिमिट से 6 गुना ज्यादा माल मिला, 55 ट्रक सील




टीकमगढ़, देशबन्धु। कृषि उपज मंडी में बुधवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम लोकेंद्र सिंह, तहसीलदार कुलदीप सिंह और खाद्य अधिकारी ललित मेहरा की टीम ने छापा मारा। अमित ट्रेडर्स के पास से 15,000 क्विंटल गेहूं जब्त किया गया। यह माल 55 ट्रकों में भरा हुआ था। गेहूं की कीमत लगभग 5 करोड़ रुपए है। एसडीएम को सूचना मिली थी कि मंडी में 60 ट्रक गेहूं रखा गया है। कलेक्टर के निर्देश पर टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में पता चला कि व्यापारी रेलवे रैक के जरिए यह गेहूं बाहर भेजने की तैयारी कर रहा था। व्यापारी के पास माल स्टॉक करने की अधिकृत सीमा केवल 2,500 क्विंटल है। जब टीम ने अतिरिक्त माल के दस्तावेज मांगे तो व्यापारी पेश नहीं कर सका। इसके बाद खाद्य विभाग ने कानूनी कार्रवाई करते हुए माल जब्त कर लिया। सभी 55 ट्रक पुलिस की निगरानी में रखे गए हैं। प्रशासन मामले की गहन जांच कर रहा है।

### बड़े व्यापारी आएंगे जद में

स्टॉक से ज्यादा खरीदी का खेल मंडी में बहुत दिनों से जारी है। इसमें बड़े नामचीन गल्ला व्यापारी मुनाफा कमाने में जुटे हैं। दरअसल नियमानुसार फर्म के नाम से तय स्टॉक के अनुसार अनुबंध काटबाकर माल खरीदा जाता हैं। लेकिन इस कारोबार से जुड़े व्यापारी जताराए बल्देवगढ़ए खरगापुर सहित उत्तर प्रदेश के महरौनी के व्यापारियों से अवैध तरीके से गेहूं खरीदकर मंडी में लगने वाले टैक्स की भी चोरी कर देते है। वही वाहनों में क्षमता से अधिक माल लादकर खुलेआम परिवहन किया जाता हैं। जानकारी के अनुसार अमित ट्रेडर्स को रैक लोड करने का काम मिला है। जिसमें इस फर्म को 42 मालवाहक डिब्बे में गेहूं लोड कर बाहर भेजना था । इसीलिए आनन.फानन में इतने बड़े पैमाने में गेहूं खरीदा गया था।

## भेलसी ग्राम पंचायत में कराया घटिया निर्माण

# पानी टंकी की सीढ़ियां हुई क्षतिग्रस्त



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के बल्देवगढ़ जनपद क्षेत्र की आने वाली ग्राम पंचायत भेलसी हाई स्कूल के पास जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण कराया गया है बीते मंगलवार को निर्माणाधीन पानी टंकी शुरू होने से पहले ही टंकी की सीढ़ियां और प्लेटफॉर्म गुणवत्ताहीन कार्य के चलते धराशायी हो गया है। नाराज ग्रामीण अब प्रशासन से शिकायत की हैं।

गौरतलब है कि भेलसी में नल जल योजना की पानी टंकी का निर्माण व पाइप लाइन का विस्तारीकरण का कार्य जारी है। जिसका ठेका लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग टीकमगढ़ द्वारा गिर्राज कंस्ट्रक्शन कंपनी मुरैना करीब 3 करोड़ की लागत से ठेका दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से पानी टंकी के निर्माण में घटिया गुणवत्ताहीन सामग्री से किया जा रहा है। जिसमें रेत की जगह क्रेशर से निकलने वाली पत्थर, डस्ट, गिट्टी व कम गेज के सरिया का इस्तेमाल कर कार्य निर्माण कराया है। इस घटिया निर्माण कार्य से पानी टंकी महज कुछ सालों में ही ढह जाएगी और सरकार के करोड़ों रूपयों की राशि को ठेकेदार और विभाग के जिम्मेवार अधिकारी सरकारी खजाने को ठिकाने लगाया जा रहा है। लेकिन इस घटिया निर्माण की जानकारी ग्रामीणों द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ, उपयंत्री को दी गई है। वही आज तक किसी भी अधिकारी द्वारा इस घटिया निर्माण कार्य की जांच नहीं की गई और न ही काम रुकवाया गया। इससे साफजाहिर होता है कि निर्माण कार्य में गिर्राज कंस्ट्रक्शन कंपनी मुरैना कंपनी के ठेकेदार के साथ अधिकारियों की मिलीभगत है और इसका नुकसान सरकार के साथ ग्रामीण जनता को भुगतना पड़ता है।

### इनका कहना है-

पानी की टंकी का सीढ़ियां असामाजिक तत्वों तोड़ दी है जिसकी हमारे पास थर्ड पार्टी द्वारा जांच भी कराई गई है जिसकी रिपोर्ट आ चुकी है।

**आर.के.रावत,** एसडीओ
पीएचई विभाग बल्देवगढ़

## कक्षा 5 वीं की छात्रा का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



टीकमगढ़, देशबन्धु। जिले के दिगौड़ा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिजरावन की कक्षा 5 वीं की एक छात्रा का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर गांव सहित क्षेत्र के लोगों ने छात्रा व उसके परिजनों को बधाई व शुभकामनाएं दी गई हैं और छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। ग्राम बिजरावन की कक्षा 5 वीं छात्रा ज्ञानस्थली स्कूल दिगौड़ा में पढ़ती थी। छात्रा यशस्वी राजे पिता रवींद्र सिंह बुंदेला का नवोदय विद्यालय कक्षा 6 में चयन हो गया है। छात्रा ने अपने विद्यालय सहित माता पिता व परिजनों का नाम रोशन किया है।

## कक्षा 5वीं की छात्रा का नवोदय विद्यालय में चयन, लोगों ने दी बधाई



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के दिगौड़ा थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक भारत सिंह मरावी की पुत्री का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर पुलिस स्टाफसहित कस्बा के लोगों ने छात्रा व उसके परिजनों को बधाई व शुभकामनाएं दी गई और छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। कक्षा 5 वीं यह छात्रा गुरु हरिकिशन स्कूल टीकमगढ़ में पढ़ती थी। छात्रा सुरभि सिंह पिता भारत सिंह का नवोदय विद्यालय कक्षा 6 में चयन हो गया है।

## पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का तीसरा अंतिम दिवस परियोजना दिगौड़ा में आयोजित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बाल विकास परियोजना दिगौड़ा अंतर्गत पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत आगनवाड़ी कार्यकर्ताओ का प्रशिक्षण प्रथम सत्र 24 से 26 मार्च तक संज्ञा गार्डन दिगौड़ा में आयोजित किया जा रहा है। आज 26 मार्च को अंतिम तृतीय दिवस का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर श्रीमती ज्योति प्रजापति एवं श्रीमती राधा सक्सेना द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा है। भारत सरकार के पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के अंतर्गत आंगनवाड़ियों में जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए नवचेतना, अनोपचारिक शिक्षा एवं दिव्यांगता चिन्हांकन से जुड़ा कार्यक्रम है। इसमें बच्चो का समग्र विकास सुनिश्चित किया जायेगा। नवचेतना के तहत जन्म से 3 वर्ष तक के बच्चों को सीखने समझने एवं बाल मस्तिष्क बिकास की सम्पूर्णता के लिये आगनवाड़ी कार्यकर्ता को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## कियोस्क संचालक से मारपीट, लैपटॉप तोड़ा, पुलिस थाने की शिकायत

खरगापुर,देशबन्धु। थाना क्षेत्र अंतर्गत कोटरा गांव में कियोस्क संचालक से मारपीट और लैपटॉप तोड़ने का मामला सामने आया है। खरगापुर थाना क्षेत्र के कोटरा गांव निवासी दीपक यादव ने एसपी कार्यालय में शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायती आवेदन में दीपक ने बताया कि 20 मार्च को मैं अपने कियोस्क सेंटर पर था। सुबह करीब 11 बजे महेंद्र यादव पिता घनश्याम यादव मेरे सेंटर पर आया और रंगदारी दिखाकर मुझसे 500 रुपए मांगने लगा। जब मैंने रुपए देने से मना किया तो उसने मेरा लैपटॉप तोड़ दिया। मुझसे गाली-गलौज करने लगा।

# कहीं से भी स्कूल यूनिफॉर्म और किताबें खरीद सकेंगे अभिभावक

## कलेक्टर ने जारी किया आदेश



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले निजी स्कूल अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने के लिए मजबूर नहीं कर सकेंगे। दरअसल, बुधवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में हुई बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी आईएल आठया, शिक्षा विभाग के अधिकारी और निजी स्कूल संचालक उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा- अभिभावक और छात्र अब खुले बाजार से पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीद सकते हैं। बड़ी संख्या में छात्र वाले स्कूलों के संचालकों से सीधी बातचीत में कलेक्टर ने कहा कि एनसीईआरटी और निजी प्रकाशनों की किताबों की कीमतों में अधिक अंतर नहीं होना चाहिए। उन्होंने किताबों की दरें कम करने का निर्देश दिया। पुस्तक विक्रेताओं और निजी स्कूलों को दो दिन का समय दिया गया है। इस अवधि में उन्हें शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा कर पुस्तक मेले का आयोजन करना होगा। साथ ही कक्षावार और विषयवार किताबों की दरें तय करनी होंगी। स्कूल बैग पॉलिसी के तहत बस्ते का वजन भी तय करना होगा।

# महिला थाने ने 13 परिवारों को टूटने से बचाया



टीकमगढ़,देशबन्धु। फरियादिया श्रीमती रानी कुशवाहा ने अपने अनावेदक पति नीरज कुशवाहा के खिलाफ मतभेद एवं मारपीट करने संबंधी शिकायत का आवेदन पत्र पेश किया था। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा पीड़िता का परिवार जोड़ने के उद्देश्य से काउंसलिंग हेतु महिला थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना से निरीक्षक अनुमेहा गुप्ता द्वारा पीड़िता के पति को थाने पर बुलवाकर दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर उनकी समस्याओं को सुना गया। उसके बाद दोनों के मध्य आपसी मनमुटाव को खत्म कर परिवार जोड़ने की उचित सलाह देकर प्रेम पूर्वक साथ में रहने हेतु प्रेरित किया गया। इस पर दोनों पक्ष पति-पत्नी प्रेम पूर्वक एक दूसरे के साथ रहने के लिए तैयार हो गए और दोनों के मध्य आपसी विवाद समाप्त हो गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अनुमेहा गुप्ता, उप निरी धनवंती सहरिया, महिला प्रधान आरक्षक नूरजहां, महिला प्रधान आरक्षक रामसखी, प्रधान आरक्षक अवधेश खटीक, आरक्षक अनुज अग्रवाल, महिला आर. प्रियंका राजा द्वारा परिवार टूटने से बचाने परिवार को पुन: जोड़ने में मुख्य भूमिका निभाई।

# पति ने मायके में आकर पीटा, युवती को आई चोटें



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दिगौड़ा कस्बा के बंडापुल के पास एक युवती के साथ उसके पति द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस घटना में पीड़िता को चोटें आ गई। युवती ने अपने परिजनों के साथ पुलिस थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने पीड़िता का उपचार कराकर जांच शुरू कर दी। पीड़ित युवती वंदना कुशवाहा हाल निवासी दिगौड़ा ने बताया है कि उसकी शादी कटेरा उत्तरप्रदेश में हुई थी। उसका पति अखलेश कुशवाहा व उसकी सास उसको आए दिन मानसिक रूप से परेशान व मारपीट करते थे। तब से युवती अपने मायके दिगौड़ा में अपने माता पिता के साथ रहती थी। आज 26 मार्च को उसका पति अखलेश मायके में आया और विवाद करने लगा। युवती व उसके माता पिता ने विवाद करने से मना किया तो उसने पीड़िता वंदना की मारपीट कर दी। इस घटना में पीड़िता को चोट आ गई। पीड़ित युवती ने आज शाम को अपने पिता बाबा कुशवाहा व माता के साथ घटना की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने पीड़िता का इलाज कराकर जांच शुरू कर दी।

# आरोपी को अवैध शराब परिवहन करते किया गिरफ्तार



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक टीकमगढ श्री मनोहर सिंह मण्डलोई द्वारा अवैध शराब बेचने व परिवहन करने वालों के विरूद्ध जिला स्तर पर सक्रिय अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी बल्देवगढ़ निरीक्षक मनोज सोनी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को बुधवार को मुखबिर से अवैध शराब परिवहन के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। जिसकी तस्दीक करने पर वैसा ऊगड़ आम रोड पावर हाउस के पास आरोपी बृजेन्द्र सिंह उर्फनित्तू पिता रनमत सिंह घोष उम्र 30 साल निवासी वर्मा ताल थाना दिगौडा के कब्जे से स्विप्ट डिजायर गाडी क्र. यूपी 16 एएन 3795 की डिग्गी में रखे 07 पेटी देशी मदिरा प्लेन शराब कुल मात्रा 63 लीटर कीमती 24500 रूपये की मय स्विप्ट डिजायर गाडी कीमती 5 लाख रूपये की जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना पर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक मनोज कुमार सोनी थाना प्रभारी बल्देवगढ, सुहागचन्द्र अहिरवार, मुकेश राय, दीपक गंगेले, केशव सिंह, जितेन्द्र सिंह, नीरज पाल, महेन्द्र अहिरवार, देशराज, रिया जैन एवं थाना स्टाप का सराहनीय योगदान रहा।

# मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटाने, एसडीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**जतारा,देशबन्धु।** नगर के मुख्य मार्ग और बाजार में दुकानदारों के द्वारा दुकानों के आगे सड़क पर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे वाहन चालक नहीं निकाल पाते हैं। साथ ही लोगों को पैदल चलने में की परेशानी हो रही है, बाजार में पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण अतिक्रमण के चलते जाम लग रहा है। जिसको लेकर अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के प्रदेश प्रमुख सचिव रामरतन दीक्षित के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी और नगर के लोगों ने एसडीएम के नाम तहसीलदार वंदना सिंह को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि जतारा के मुख्य मार्ग एवं नीचे की सड़क पर दुकानदारों ने 3 से 5 फीट तक अतिक्रमण कर लिया है, जिससे आम लोगो को निकलने की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, प्रतिदिन जाम की स्थिति हो रही है। सोचनीय बात है कि इसके बाबजूद नगर परिषद जतारा एवं प्रशासनिक अधिकारी व्यवस्था सुधारने में रूचि नहीं ले रहे है, साथ ही उदासीनता देखने को मिल रहीं है, दुकानदारों के वाहन सामान, उतारने, चढ़ाने वाले दिन भर वाहन दुकान के सामने खड़े करके सामान उतारते एवं चढ़ाते नजर आते है। जबकि नियमानुसार सामान सुबह आठ बजे के पूर्व एवं रात्रि 9 बजे के बाद उतारना एवं चढ़ाना चाहिये। परन्तु दुकानदारों ने सड़क को घर का आंगन बना लिया है, दुकानदारों शाम को अपना दुकान का कूड़ा सड़क पर फेंक कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को ठेंगा बता रहे है, दुकानदारों द्वारा डस्ट बिन का उपयोग नहीं किया जाता है। सुबह कि दुकान के सामने जो नाली बनी है, उसे सड़क के बराबर समतल किया जाये। उस पर सामान न रखा जाए। क्योंकि नाली पर कब्जा अतिक्रमण भारतीय दण्ड संहिता की धारा 447 तहत एक अपराध है इन पर कार्यवाही की जाए। दुकानदारों ने नाली को तो अपनी पैतृक जमीन माना है व उसके आगे तीन फीट जमीन का उपयोग बिना भय के कर रहे है, साथ दोपहिया वाहन दोनो तरफखड़े होने से सड़क की चौड़ाई मात्र 4 फीट ही बचती है। इसे नगर परिषद जतारा अन्य प्रशासनिक अधिकारी मूक दर्शक, वोटों की राजनीति मानकर आम जनता को परेशानी दे रहे है। जिसके लिये शासन प्रशासन उत्तरदायी होगा। देखने में आ रहा है, कि टीकमगढ़ जिले की तहसीलें में सड़क पर डिवाईडर बने है, परन्तु जतारा में वोटों की राजनीति एवं अन्य कारणो से डिवाईडर नहीं बन पाया जिससे आये दिन घटनाए घटती है एवं घटनाक्रम रहेगी। ज्ञापन देने वालों में विदेश प्रमुख सचिव रामरतन दीक्षित, रमेश शर्मा, महेंद्र रजक, मुमताज खां आदि के नाम शामिल हैं।

## क्रेशर संचालक करावा रहे नाबालिगों से मजदूरी

# संचालक की मनमानी से अवैध उत्खनन, खदानों पर विस्फोट की धधक से आसपास के ग्रामीणों मे दहशत

◆ **अखण्ड यादव**



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** तहसील क्षेत्र के आहार टीकमगढ़ मार्ग पर संचालित श्री सिद्ध बाबा स्टोन क्रेशर की उड़ती धूल और ब्लास्टिंग से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है क्षेत्र के पर्यावरण और जन स्वास्थ्य को ऐसी चोट पहुंचाई जा रही है। जिसकी भरपाई आसान नहीं है। इसकेअलावा श्री सिद्ध बाबा स्टोन क्रेशर के संचालक द्वारा पत्थरों का अवैध उत्खनन लगातार जारी है खादानों की इतनी गहरी खुदाई को पाताल जैसे देखने लगा है। इस तरह की खुदाई अधिनियम 1952 का खुला उल्लंघन है अधिनियम कहता है कि खनन उच्चतम बिंदु से निम्नतम बिंदु के 6 मीटर की गहराई तक ही हो सकता है लेकिन अधिनियम में खदान में 18 वर्ष से कम उम्र के मजदूर से काम कराना प्रतिबंधित है साथ ही मजदूरों को काम के निश्चित घंटे, चेहरे को ढंकने के लिए मास्क, चिकित्सा सुविधा, समान मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने को कहा गया है। लेकिन उक्त पत्थर खदान में इन प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। श्री सिद्ध बाबा स्टोन क्रेशर पर खनिज विभाग की मेहरबानी से अवैध खनन का धंधा भी खूब फल-फूल रहा है।

बताया जा रहा है कि खदान में खनन में प्रतिबंधित विस्फोटक अमोनियम नाइट्रेट का भी प्रयोग होता है चर्चा है कि उक्त खदान संचालकों को खनिज विभाग ने जिन नियम शर्तों के अलावा जितना रकवा पत्थर उत्खनन के लिए दिया है। उससे कहीं अधिक क्षेत्र में उत्खनन का कार्य किया गया जा रहा हैं। इसके अलावा पत्थर खदान संचालकों ने पत्थर उत्खनन स्थल को खाई के रूप में परिवर्तित कर दिया है, इससे स्पष्ट होता है कि अवैध खनन प्रशासन की मिलीभगत से होता है।

ग्रामीणों की शिकायत है कि खनिज विभाग के संरक्षण के बगैर पत्थर और मुरम का अवैध उत्खनन संभव ही नहीं है। चर्चा है कि क्रेशर के लिए जिस भूमि से पत्थर का उत्खनन करने की अनुमति ली गई है, उस खसरा नंबर के बजाए अन्य स्थान से पत्थरों का अवैध उत्खनन कराया जा रहा है। अगर समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो, डब्बू और गुड्डु की जोड़ी परसुवा में खाई के साथ ही भू-जल को भी पत्थर उत्खनन के भेंट चढ़ा देंगे।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### पोषण भी पढ़ाई अभियान का प्रथम चरण हुआ

**चिचोली,देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लॉक की सभी आगंनवाडी केन्द्रो के समस्त कार्यकर्ताओ को पोषण भी पढ़ाई अभियान का 6 दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरो के माध्यम से आज से दो चरणो मे चिचोली के मंगल भवन मे दिया जा रहा है,जिसमे प्रथम चरण का शुभारंभ परियोजना अधिकारी चयेन्द्र कुमार बुडेकर ट्रेनर प्रतिभा धुर्वे बेनजीर शेख नम्रता



सुर्यवंसी व सेक्टर सुपरवाईजरो की उपस्थिती मे हुआ। द्वितीय चरण 27 से 29 मार्च तक होगा। ट्रेनर लीना पंवार ने बताया कि बच्चो की आगंनवाडी केन्द्रो मे प्रारम्भिक शिक्षा को पोषण आहार के साथ कैसी दी जा सके, पोषण भी पढाई भी अभियान शासन दवरा नयी शिक्षण निती चलाकर आगंनवाडी केन्द्र के बच्चो का शरीरिक मानसिक विकास हो सके। ट्रेनर मनीषा शेनडे ने बताया कि आगंनवाडी केन्द्र के बच्चो का सामाजिक विकास के साथ खेल खेल मे शिक्षा कैसी दे सके और कहानियो चित्रकला के माध्यम से कैसी शिक्षा दे, जिसके सम्पूर्ण जानकारी आगंनवाडी कार्य कर्ताओ को दी जा रही है और आगंनवाडी केन्द्रो मे अध्ययन रत बच्चो को सही दिशा मिलकर उनका विकास हो सके।

### कुख्यात बदमाश झांगरू देशी पिस्टल के साथ किया गया गिरफ्तार

**आमला,देशबन्धु।** थाना आमला चौकी बोड़खी पुलिस द्वारा कुख्यात बदमाश करण उर्फ झांगरू पिता गणेश सोनेकर निवासी स्वीपर मोहल्ला कोठी बाजार बैतूल को अवैध देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया।



जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के तहत, पुलिस अधीक्षक निश्चल एन. झारिया द्वारा जारी निर्देशों के अंतर्गत थाना आमला चौकी बोडखी पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई। अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं एसडीओपी मुलताई एसके सिंह के मार्गदर्शन में थाना आमला चौकी बोडखी पुलिस ने मुखबिर से सूचना प्राप्त कुख्यात बदमाश करण उर्फ झांगरू पिता गणेश सोनेकर निवासी स्वीपर मोहल्ला कोठी बाजार बैतूल को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल जब्त की गई। आरोपी पर थाना आमला में धारा 25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक सत्यप्रकाश सक्सेना, उनि नितिन पटेल, सउनि गंभीरसिंह रघवंशी, प्र .आर.संतोष मालवीय,आर् 641 पलक सोलंकी की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधीक्षकनिश्चल एन. झारिया ने इस कार्रवाई में शामिल टीम को सराहना दी है और जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

### व्याख्यानमाला एवं काव्यपाठ का आयोजन आज

**बैतूल,देशबन्धु।** साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश, संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा पं. भवानीप्रसाद मिश्र स्मृति समारोह के अंतर्गत व्याख्यानमाला एवं काव्यपाठ का आयोजन गुरुवार शाम 6 बजे से विवेकानन्द विज्ञान महाविद्यालय सदर बैतूल में किया गया है।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भोपाल के वरिष्ठ साहित्यकार एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री ऋषिकुमार मिश्र करेंगे, वहीं व्याख्यान् डॉ. प्रवीण गुगनानी, वरिष्ठ साहित्यकार, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में सलाहकार, राजभाषा, क्षेत्रीय महामंत्री, अखिल भारतीय साहित्य परिषद् का होगा। कार्यक्रम में हिंदी साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ विकास दवे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम दो सत्र में होगा जिसमें प्रथम सत्र व्याख्यान एवं द्वितीय सत्र काव्यपाठ होगा जिसमें नरसिंहगढ़ के वरिष्ठ कवि हरिसिंह परिहार पतंग़, बाबू देवाल घायल आष्टा, मनोज दुबे, कांटाफोड़, हीरामनी वैष्णव कोरबा, पुष्पक देशमुख प्रभातपट्टन अजय पवार बैतूलबाजार, सुदर्शन देशमुख मुलताई, धर्मेंद्र खवसे बैतूलबाजार और स्थानीय संयोजक सुनील पांसे दास बैतूल एवं प्रद्युम्न सरसोदे स्थानीय कवि अपनी रचनाओं से काव्य प्रेमियों को सराबोर करेंगे।

### रणजीत सिंह पर लगे गंभीर आरोप, जांच करने के निर्देश

**सारणी,देशबन्धु।** रविंद्र देशमुख आत्महत्या कांड में आरोपी बनने के बाद भाजपा से निष्कासित नेता रंजीत सिंह पर अब नए आरोप लग रहे हैं। आरोप है कि रंजीत सिंह दोबारा भाजपा में वापसी के लिए गिड़गिड़ा रहा है और किरण देशमुख पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें बदनाम करने की साजिश रच रहा है। रविंद्र देशमुख आत्महत्या कांड में आरोपी बने रंजीत सिंह समेत सभी साथी अभी भी किरण देशमुख पर बीसी चलाने का आरोप लगा रहे हैं। इसी के मद्देनज़र 21 मार्च को किरण देशमुख ने रंजीत सिंह और उसके कुछ समर्थकों के खिलाफ दोबारा सारनी थाने में लिखित शिकायत दी है। किरण देशमुख की शिकायत पर एसपी ने एसडीओपी, थाना प्रभारी को इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए।

# मेंढ़ा बांध प्रभावित गाडवा गांव के किसानों को अब तक नहीं मिला पूरा मुआवजा

## 10 लाख हेक्टेयर का वादा, 5 लाख का हुआ भुगतान

### सरकार की वादाखिलाफी से नाराज किसानों ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन



**बैतूल,देशबन्धु।** मेंढ़ा डेम मध्यम परियोजना के तहत प्रभावित किसानों को अब तक पूरा मुआवजा नहीं मिलने से किसान उग्र हो गए हैं। बुधवार को सैकड़ों किसान किसान समर्थक समाजसेवी निखिल बावने के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे और जमकर नारेबाजी करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि डेम निर्माण के दौरान हुई खुदाई के कारण तप्ती नदी का बहाव बदल गया और गाडवा गांव के खेतों में मिट्टी कटाव के साथ फसलें बर्बाद हो गईं। अधिकारियों ने सर्वे के दौरान किसानों को मुआवजा देने की बात कही थी, लेकिन 4 साल बाद भी उन्हें अब तक उनका हक नहीं मिला।

किसानों का कहना है कि जब मेंढ़ा डेम का निर्माण किया जा रहा था, तब प्रशासन ने गांव में सर्वे कर आश्वासन दिया था कि यहां के किसानों को उनकी जमीन का उचित मुआवजा दिया जाएगा। इसके पीछे तर्क यह था कि जब डेम के गेट खोले जाएंगे, तो गाडवा गांव पूरी तरह पानी में समा सकता है। किसानों ने बताया कि इस परियोजना के तहत कुल 2 हजार किसान परिवार सहित लगभग 20 हजार की जनसंख्या प्रभावित हुई हैं। सरकार ने 10 लाख हेक्टेयर जमीन के लिए मुआवजा देने का वादा किया था, लेकिन अब तक सिर्फ 5 लाख हेक्टेयर का ही भुगतान हुआ है। 4 साल बाद भी आधे किसानों को उनका मुआवजा नहीं मिला है। इससे नाराज किसान लगातार अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही।

किसानों ने प्रशासन को साफ शब्दों में चेतावनी दी कि अगर जल्द ही उन्हें मुआवजा नहीं मिला, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। किसान नेता निखिल बावने ने कहा कि सरकार किसानों के साथ छलावा कर रही है। डेम की खुदाई के कारण गांव की कृषि भूमि बर्बाद हो गई, लेकिन सरकार ने मुआवजा देने के अपने वादे से मुंह मोड़ लिया। किसानों का कहना है कि वे बीते 4 सालों से जिला प्रशासन और संबंधित विभागों से लगातार गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों को अनसुना किया जा रहा है। अब उन्होंने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द गाडवा गांव के सभी प्रभावित किसानों को उनकी जमीन का मुआवजा दिया जाए, ताकि वे अपने उजड़े खेतों को फिर से संवार सकें। अगर उनकी मांग नहीं मानी गई, तो वे जल्द ही बड़े आंदोलन की घोषणा करेंगे।

# सनातन ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने गुलाल, गीत और गेम्स के साथ मनाई रंग भरी एकादशी



**बैतूल,देशबन्धु।** रंग भरी एकादशी के अवसर पर सनातन ब्राह्मण समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक बहनों ने भाग लिया। इस खास मौके पर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने खेल, गीत और नृत्य के जरिए होली के उल्लास को दोगुना कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत टाइम गेम से हुई, जिसमें किरण मिश्रा विजेता रहीं। इसके बाद श्रीमती दुर्गेश मिश्रा ने रंग गुलाल लकी गेम खिलाया, जिसमें अंजू वाजपेई प्रथम, सोनम मिश्रा द्वितीय और सुमन गौतम तृतीय स्थान पर रहीं। साक्षी शर्मा द्वारा आयोजित लाल पीली हरी नीली ओ सहेली हैप्पी होली गेम में सुनीता पांडे ने प्रथम, अल्पना दुबे ने द्वितीय और भारती मिश्रा ने तृतीय स्थान हासिल किया। संगीत और नृत्य के कार्यक्रम में भी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सरिता टोपरे ने अपनी मधुर आवाज़ में गीत गाया, जबकि पूनम अवस्थी ने नंदलाला कन्हैया पर खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ. आरती अवस्थी, सुषमा शर्मा, ममता दीक्षित, मीनाक्षी शुक्ला, आशा शर्मा, उमा पांडे, शिखा कौशिक, कंचन मिश्रा, प्रीति परसाई, प्रीति क्षीरसागर, कुमुद परसाई, ममता परसाई, रजनी पांडे, ज्योति पांडे, सोनल पारे, कृष्णा मिश्रा, बीना पांडे, अर्चना मार्कंडे, रजनी दीक्षित सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं। समारोह में मौजूद सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही हर साल इसी तरह मिलकर होली मिलन मनाने का संकल्प लिया।

# बैतूल के लीजेंड्स ने दिखाया दम, भोपाल फाइटर्स को 7 विकेट से हराकर सेफा में बनाई जगह

**बैतूल,देशबन्धु।** लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम, कोठी बाजार में चल रहे अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट राजीव कप के दूसरे क्वार्टर फाइनल में बुधवार को पुलिस प्रशासन लीजेंड बैतूल और भोपाल फाइटर्स के बीच जोरदार मुकाबला हुआ।

भोपाल फाइटर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन बैतूल के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी कर उन्हें बड़े स्कोर तक पहुंचने से रोक दिया। टीम ने निर्धारित 35 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 204 रन बनाए। भोपाल फाइटर्स के लिए सबसे शानदार प्रदर्शन शिवांशु चतुर्वेदी का रहा, जिन्होंने 77 गेंदों में ताबड़तोड़ 102 रन बनाए। संकेत दुबे ने 35 रनों का योगदान दिया। पुलिस प्रशासन लीजेंड बैतूल के गेंदबाजों ने सधी हुई गेंदबाजी की। रितेश, विनोद और राहुल जैक्सन ने 2-2 विकेट चटकाकर भोपाल फाइटर्स को बड़ा स्कोर बनाने से रोका।

205 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुलिस प्रशासन लीजेंड बैतूल की टीम ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। रितेश गाडगे और कप्तान मोहित जावा ने शानदार पारियां खेलते हुए टीम को 22 ओवर में ही जीत दिला दी। रितेश गाडगे ने 68 गेंदों पर ताबड़तोड़ 92 रन बनाए, जिसमें चौकों-छक्कों की झड़ी लगा दी। कप्तान मोहित जावा ने भी आतिशी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 35 गेंदों में 83 रनों की तूफानी पारी खेली। भोपाल फाइटर्स की ओर से संकेत दुबे ने 2 विकेट झटके, लेकिन वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा सके। पुलिस



प्रशासन लीजेंड बैतूल ने यह मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। शानदार प्रदर्शन के लिए रितेश गाडगे को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 92 रन बनाने के साथ-साथ 1 विकेट भी झटका। मैच के बाद हुए सम्मान में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चिचोली नेकराम यादव और धैर्य दीवान ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रितेश गाडगे को प्रदान किया। अब टूर्नामेंट का तीसरा क्वार्टर फाइनल आज गुरुवार 27 मार्च को खेला जाएगा, जिसमें महाराष्ट्र की दो टीमें दक्कन बुल्स यवतमाल और सेंट्रल रेलवे नागपुर आमने-सामने होंगी।

# राम नवमी पर भगवा रंग में रंगेगा शहर

## शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी शुरू

**बैतूल,देशबन्धु।** श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय हिन्दू सेना द्वारा आयोजित होने वाली ऐतिहासिक शोभायात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। इस वर्ष शोभायात्रा को ऐतिहासिक रूप देने के लिए पूरे शहर को भगवा रंग में रंगने की तैयारी की जा रही है। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम और हनुमान जी की भव्य प्रतिमा आकर्षण का केंद्र होगी, वहीं नगर के प्रमुख चौराहों पर पांच स्थानों पर भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा।



राष्ट्रीय हिन्दू सेना के जिला अध्यक्ष अनुज राठौर ने बताया कि बीते नौ वर्षों से संगठन द्वारा राम जन्मोत्सव को ऐतिहासिक रूप में मनाया जाता रहा है और इस वर्ष भी शोभायात्रा को विशेष बनाने के लिए तैयारियां जोरों से चल रही हैं। उन्होंने कहा कि पूरे जिले के हिन्दू धर्म प्रेमियों और सनातन भक्तों को आमंत्रण पत्र देकर शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आग्रह किया जा रहा है। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के जिला युवा संयोजक नवीन पटेल ने जानकारी दी कि शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां शामिल होंगी, जो दर्शकों को भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों से रूबरू कराएंगी। इन झांकियों को विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है, जिससे धार्मिक भव्यता की अनुभूति होगी। उन्होंने कहा कि राम भक्तों के मन को मोहित करने वाली ये झांकियां शोभायात्रा की मुख्य आकर्षण रहेंगी। जिला युवा महामंत्री अमित यादव ने बताया कि नगर को भगवा मय करने का संकल्प संगठन के पदाधिकारियों ने लिया है। इसके तहत पूरे नगर को भगवा झंडों, तोरण द्वारों, भगवान श्रीराम और हनुमान जी के फ्लेक्स और अन्य धार्मिक प्रतीकों से सजाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राम जन्मोत्सव के अवसर पर वातावरण पूरी तरह से धार्मिक और भक्तिमय रहेगा। इस बार शोभायात्रा के दौरान धार्मिक गीत-संगीत की गूंज के बीच जय श्रीराम के जयघोष से नगर का माहौल भक्तिमय बनेगा। शोभायात्रा में शामिल होने के लिए समस्त सनातन धर्म प्रेमियों को आमंत्रित किया गया है।

**जनप्रतिनिधियों को दिया आमंत्रण**- राम जन्मोत्सव शोभायात्रा के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार, भाजपा नेता और जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, समाजसेवी गौरव बन्टी राठौर, वैभव डैनी राठौर, भाजपा नेता दिपू सलूजा, भाजपा नेता नरेश फाटे, भाजपा नेता अनिल राठौर, समाजसेवी मोंटू शर्मा, राजेश मदान, संदीप तलेड़े, अजय शर्मा, राखी मोबाइल संचालक योगेश महेतो, अशोक रघुवंशी और शैलेश रघुवंशी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

# आरटीआई आवेदन का 30 दिन बाद भी नहीं दिया जवाब

**बैतूल,देशबन्धु।** चिचोली जनपद पंचायत में आरटीआई को लेकर बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत चिरापाटला के आवेदक श्रीराम यादव ने 25 फरवरी को आरटीआई आवेदन दायर कर 2019 से 2025 तक हुए विकास कार्यों का पूरा ब्योरा मांगा था। लेकिन आरटीआई अधिनियम 2005 के तहत तय 30 दिनों की समय सीमा बीत जाने के बावजूद उन्हें कोई जवाब नहीं मिला।



आवेदनकर्ता ने जनपद पंचायत चिचोली से ग्राम पंचायत चिरापाटला में हुए कार्यों का पूरा हिसाब मांगा था, जिसमें बजट, खर्च, निर्माण कार्यों की सूची और प्रगति की रिपोर्ट शामिल थी। आवेदक श्रीराम यादव ने जब जनपद पंचायत कार्यालय से अपने आरटीआई आवेदन की स्थिति जाननी चाही, तो उन्हें आवेदन संख्या तक नहीं दी गई। इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि पंचायत प्रशासन खुद ही जानकारी देने में असमर्थता जता रहा है। आरटीआई का जवाब न मिलने पर आवेदक श्रीराम यादव ने 26 मार्च को जनपद पंचायत चिचोली के प्रथम अपीलीय अधिकारी के पास प्रथम अपील दायर कर दी। उन्हें इस प्रक्रिया में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

आवेदनकर्ता ने अपनी अपील में स्पष्ट रूप से लिखा कि उन्होंने 25 फरवरी को जनपद पंचायत चिचोली में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन जमा किया था, और उन्हें बताया गया था कि 25 मार्च 2025 तक जानकारी दे दी जाएगी। लेकिन 26 मार्च तक भी कोई जवाब नहीं मिलने के कारण उन्हें मजबूर होकर प्रथम अपील करनी पड़ी। जानकारों की माने तो आरटीआई अधिनियम 2005 नागरिकों को पारदर्शिता के साथ सरकारी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार देता है, लेकिन चिचोली जनपद पंचायत में जिस तरह से आवेदन संख्या तक नहीं दी गई, यह सीधे-सीधे अधिनियम के उल्लंघन का मामला बनता है।

# किराया देने के बावजूद दुकान मालिक ने ताला तोड़कर बेचा सामान

## एसपी के पास पहुंचे पीड़ित दंपत्ति, न्याय नहीं मिलने पर आत्महत्या की दी चेतावनी

**बैतूल,देशबन्धु।** सारनी के पाथाखेड़ा में किराये की दुकान पर कब्जा करने, सामान बेच देने और जातिसूचक गालियां देकर जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित दंपती सुखलाल मेहलवंशी और संगीता मेहलवंशी ने आरोप लगाया है कि धर्मेन्द्र यादव ने उनकी दुकान पर जबरन कब्जा कर लिया, उनके सामान को भी बेच दिया। पीड़ितों ने इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है और तत्काल न्याय की मांग की है।



पीड़ित सुखलाल मेहलवंशी और उनकी पत्नी संगीता मेहलवंशी ने बताया कि वे पिछले दस वर्षों से धर्मेन्द्र यादव की डब्ल्यूसीएल की जमीन पर बनी दुकान किराए पर लेकर नाश्ते का व्यापार कर रहे थे। चार महीने का एडवांस किराया 4800 रुपये भी जमा किया गया था। इसी बीच जब वे अपने गांव चारसी गए हुए थे, तब धर्मेन्द्र यादव ने उनकी अनुपस्थिति का फायदा उठाकर दुकान का ताला तोड़ दिया। पीड़ितों ने बताया कि धर्मेन्द्र ने दुकान में रखा उनका नाश्ता बनाने का सामान, सिलेंडर, चूल्हा, कढ़ाई और हाथ ठेला तक किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। इतना ही नहीं, धर्मेन्द्र यादव ने दुकान लगाने की जगह भी किसी और को दे दी और जब पीड़ित वापस लौटे तो उन्होंने पाया कि उनकी दुकान पर कोई और व्यक्ति कारोबार कर रहा था।

सुखलाल और संगीता ने बताया कि जब वे इस अन्याय की शिकायत करने धर्मेन्द्र यादव के पास पहुंचे, तो उसने भड़ककर जातिसूचक अपशब्द कहे। पीड़ितों का आरोप है कि धर्मेन्द्र ने 35 हजार रुपये की अवैध मांग की और धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो दुकान लगाने नहीं देगा। पीड़ितों ने इस मामले की शिकायत 7 फरवरी को भी पुलिस अधीक्षक से की थी। इसके अलावा 181 हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई गई। हालांकि, पीड़ितों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनसे शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। आश्वासन दिया गया था कि उनका सामान और हाथ ठेला वापस दिलवा दिया जाएगा, लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित दंपती का कहना है कि वे न्याय न मिलने से मानसिक रूप से बेहद परेशान हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे पुलिस अधीक्षक कार्यालय बैतूल के सामने आत्महत्या करने को मजबूर होंगे।

# बैतूल में वन नेशन वन इलेक्शन पर आयोजित हुई बैठक

## एक साथ चुनाव कराने पर हुआ मंथन, भाजपा नेताओं ने समझाए फायदे

**बैतूल,देशबन्धु।** वन नेशन वन इलेक्शन के तहत केसर बाग मैरिज लॉन में बुधवार 26 मार्च को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ने की। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था लागू होने से देशभर में समय और धन की बचत होगी, जिससे कल्याणकारी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जा सकेगा।



बैठक को संबोधित करते हुए अभियान के सहसंयोजक जयदीप रूनवाल ने कहा कि इस पहल को सफल बनाने के लिए युवाओं के साथ-साथ सोशल मीडिया इंफ्लूएंसरों की भागीदारी भी जरूरी होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि युवा वर्ग ही इस अभियान की सफलता में अहम भूमिका निभाएगा। अभियान के जिला संयोजक अतीत पवार ने कहा कि यदि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाते हैं तो प्रशासनिक स्थिरता बनी रहेगी। इससे सरकार को पूरे कार्यकाल में योजनाओं को लागू करने में आसानी होगी। उन्होंने बताया कि एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा 1984 में चर्चा में आई थी और 2023 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया, जो इस प्रणाली को लागू करने की संभावनाओं पर विचार कर रही है। इस मौके पर उपस्थित भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे जनता के बीच जागरूकता फैलाएंगे और समर्थन जुटाने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य करेंगे। बैठक में नरेन्द्र शर्मा, निर्गुण देशमुख, तपन मालवीय, पूरन साहू, अजय पवार, चाणक्य राखडे, अनिल खंडेलवार और सूर्यदीप त्रिवेदी विशेष रूप से मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का बलिदान दिवस, युवाओं ने वीर शहीदों को किया नमन

**सारणी,देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (ऋस्स) सारणी जिला मुल्ताई के स्वयंसेवकों ने शासकीय महाविद्यालय बगडोना सारणी और ग्लोबल आईटीआई नर्सिंग कॉलेज में वीर शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का बलिदान दिवस मनाया। इस मौके पर देशभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमलेश सिंह (जिला महामंत्री भाजपा, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष) और विशेष अतिथि अमित गुप्ता (जिला सह कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला मुल्ताई), रंजीत डोंगरे (नगर बौद्धिक प्रमुख सारणी नगर), श्रीमती डॉ रश्मि रजक (प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बगडोना) और विजेश सोनी (संचालक ग्लोबल आईटीआई एवं नर्सिंग कॉलेज बगडोना) की उपस्थिति में शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता कमलेश सिंह ने कहा कि शहीद दिवस बलिदान दिवस की 23 मार्च को मनाया जाता है क्योंकि इस दिन हमारे देश के वीर जाबाज शहीद आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को फांसी दी गई थी जो हमारे भारत वासियों के लिए बलिदान दिवस है। उन्होंने कहा कि वीर जाबाज शहीदों ने हंसते-हंसते भारत माता को परतंत्रता की बेड़ियों से आजाद कराने के लिए 23 वर्ष की आयु में तीनों क्रांतिकारीयों ने देश को एकजुट करते हुए लाला लाजपत राय जी की हत्या का बदला लेने की ठानी और 13 अप्रैल सन 1919 जलियांवाला बाग हत्याकांड में बेकसूर देशवासियों को गोलियों से अंग्रेजों ने भून दिया था। जिसे उनको उस घटना ने झंझोर दिया और उसकी आग भगत सिंह ने दिल में ज्वाला की तरह जलाते हुए अंग्रेजों के साथ लोहा लेकर अपने साथियों के साथ मिलकर अंग्रेज अधिकारी सांडस से बदला लेकर देश के आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

मुख्य वक्ता समाजसेवी रंजीत डोंगरे ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के जन्म से लेकर 12 वर्ष की आयु में ही क्रांतिकारी कार्य करते हुए आजादी की लड़ाई में जुट गए थे और बहरी अंग्रेज सरकार को सुनाने को विधानसभा असेंबली में बम फेंककर इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पर्चे देश की आजादी के लिए फेंके जिससे देश में आजादी की अलख जग गई उनकी गिरफ्तारियों हुए केस चलाया गया और अंग्रेजी हुकूमत ने षड्यंत्र रचते हुए उन्हें तय समय से एक दिन पूर्व 23 मार्च शाम 7 फांसी दी गई। तीनों वीर जाबाज योद्धा फांसी के फंदे को चूमकर हंसते-हंसते मेरा रंग दे बसंती चोला गीत और सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है देखना है जोर कितना बाजुएं कातिल में गीत गाकर इंकलाब जिंदाबाद नारे लगाकर फांसी के फंदे में झूल गए। और भारत माता की आजादी में महत्वपूर्ण अहम भूमिका लोगो में क्रांति की अलख जगाकर देश के लिए अपने प्राणों को भारत माता के चरणों में न्यौछावर कर दिया। इस अवसर पर शासकीय महाविद्यालय बगडोना सारणी कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं और ग्लोबल आईटीआई कॉलेज नर्सिंग कॉलेज बागडोना सारणी की छात्र-छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं स्टाफ गण भारी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने मुरैना में राहत स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ, कहा-

# पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा सभी जरूरतमंदों के लिए नि:शुल्क




## मुरैना में आँखों की मशीन कराएंगे उपलब्ध

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने कठिन परिस्थितियों में भी नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा प्रारंभ की है। इसका लाभ सभी जरूरतमंदों को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वास्थ्य शिविर के शुभारंभ के बाद ओपीडी के सभी काउंटरों का भ्रमण कर चिकित्सकों एवं रोटेरियन के सदस्यों से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने मुरैना के एसएएफ ग्राउण्ड में आयोजित रोटरी राहत वृहद स्वास्थ्य शिविर के शुभारंभ अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर इलाज मिल जाये तो डॉक्टर उसके लिये भगवान बन जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव काया में कोई भी कष्ट बड़ी चुनौती होती है। डॉ. यादव ने कहा कि शिविर में उपचार के लिए बेहतर प्रबंध किए गए हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अस्पताल प्रबंधन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा के रूप में दो भागों में विभाजित था। हमारी सरकार बनने के बाद हमने दोनों विभागों का एकीकरण कर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा बनाया है। इससे अस्पताल प्रबंधन आसान हुआ है।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद ग्वालियर अशोक यादव, सांसद मुरैना-श्योपुर शिवमंगल सिंह तोमर, सबलगढ़ विधायक श्रीमती सरला रावत, महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आरती गुर्जर, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, गिर्राज डण्डोतिया, पूर्व विधायक रघुराज कंषाना, रोटरी के पदाधिकारी भूपेन्द्र जैन, चंबल कमिश्नर मनोज खत्री, डीआईजी कुमार सौरभ, समाजसेवी कमलेश कुशवाह, डॉ. योगेशपाल गुप्ता, रोटरी के पदाधिकारी डॉ. संजीव बांदिल, डॉ. वीरेन्द्र गंगवाल सहित दिल्ली, हरियाणा, ग्वालियर, इंदौर से आए डॉक्टर्स और रोटरी मेडिकल मिशन में सहयोग कर रहे समस्त अधिकारी, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी और बड़ी संख्याओं में चंबल एवं ग्वालियर संभाग से स्वास्थ्य लाभ लेने आए लोग शामिल थे।

### चिकित्सकों का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिविर में आए चिकित्सकों का सम्मान किया। इनमें कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. युगल मिश्रा नंदियाल, सीनियर प्रोफेसर एम्स दिल्ली डॉ. मीनू बाजपेयी, पद्मश्री से सम्मानित डॉ. निशित नायर, जबलपुर के ख्याति प्राप्त डॉ. धीरावनी शामिल थे।

### चंबल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ी : तोमर


विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि राज्य शासन, जिले के प्रशासन एवं रोटरी क्लब की मदद से इस वृहद शिविर का आयोजन किया गया है। पहले चंबल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं इतनी अच्छी नहीं थी। अब इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ी हैं। पहले मुरैना, श्योपुर एवं भिण्ड जिले को मिलाकर जहां सौ बिस्तरों की उपलब्धता थी, वहां आज 6 सौ बिस्तर का अस्पताल मौजूद है।

### अब तक 40 हजार से ज्यादा करवा चुके सर्जरी : तन्खा

राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि अब तक इस मिशन के चलते सेवा भाव से हम 40 हजार से ज्यादा सर्जरी एवं लाखों ओपीडी की सेवाएं दे चुके हैं। जहां भी रोटरी मिशन का आयोजन किया जाता है, वहां ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस मिशन से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाता है। हमारी कोशिश रहेगी कि आगे भी महिलाओं में सर्वाइकल एवं ब्रेस्ट कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज हम नि:शुल्क करवा सकें।

राज्यपाल कल करेंगे कार्यशाला का शुभारंभ

## राजभवन में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पर वृद्धि चिंतन करेंगे विद्वान



**भोपाल, देशबन्धु।** राजभवन में कर्मयोगी बनें विषय पर 28 मार्च को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल सुबह 10:30 बजे कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी कार्यशाला में शामिल होंगे।

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के. सी. गुप्ता ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य प्राचीन ज्ञान और आधुनिक नेतृत्व-विधाओं के साथ संयोजित कर उपयोग करने का प्रशिक्षण देना है। साथ ही शैक्षणिक संस्थानों में कर्मयोग के सिद्धांतों के समावेश, विकास और सेवा का वातावरण बना कर सकारात्मक बदलाव लाना है। कार्यशाला में मध्यप्रदेश के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के कुलगुरू एवं कुलसचिव, पी.एम. एक्सीलेंस और स्वशासी कॉलेज के प्राचार्य सहित विभिन्न संकायों के प्राध्यापक शामिल होंगे।

तकनीकी सत्र शैक्षणिक नेतृत्व और शिक्षा में कर्मयोग विषय पर दोपहर 12 बजे से 1:30 बजे तक होगा। इस सत्र के मुख्य वक्ता मानव संसाधन क्षमता निर्माण आयोग और केन्द्र सरकार के मिशन कर्मयोगी के सदस्य प्रो. बालासुब्रमण्यम, ग्लोबल कन्वर्टर यूनाइटेड कॉन्शसनेस के संयोजक डॉ. विक्रांत सिंह तोमर, आई.आई.टी. कानपुर बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रो. के. राधाकृष्णन और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली की कुलपति प्रो. शांतिश्री धुलीपुडी पंडित होंगे। एक कर्मयोगी शिक्षाविद्-चुनौतियां और उसके समाधान विषय पर चर्चा एवं संवाद सत्र का आयोजन दोपहर 2:30 बजे से शाम 4 बजे तक होगा।

श्रमजीवी पत्रकारों का त्रिवर्षीय दो दिवसीय महाधिवेशन हुआ प्रारंभ

## पत्रकार लोकतंत्र के सच्चे सेनानी : डॉ. यादव



**मुरैना/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पत्रकार लोकतंत्र के सच्चे सेनानी होते हैं। सरस्वती के साधक होने के साथ ही कड़ी मेहनत से सूचनाओं को आमजनों तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुरैना जिला मुख्यालय पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के त्रिवर्षीय दो दिवसीय महाधिवेशन को संबोधित कर रहे थे।

### पत्रकारों की मांगों के निराकरण के लिये कमेटी गठित की जायेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा पत्रकारों के हित में जो मांगें रखी गई हैं, उसके निराकरण के लिये शासन स्तर से एक कमेटी का गठन किया जायेगा। इस कमेटी में श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को शामिल कर पत्रकारों की समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संघ पत्रकारों के हित में कार्य करने वाला बहुत पुराना संगठन है। संगठन के अध्यक्ष शलभ भदौरिया पत्रकारों के हित में निरंतर कार्य करते रहते हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश भर में श्रमजीवी पत्रकार संघ कार्य कर रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की सबसे जागरूक कौम है। श्रमजीवी पत्रकार संघ मध्यप्रदेश का सबसे पुराना संगठन है। संगठन के अध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व में प्रदेश भर में पत्रकारों के हित में यह संगठन कार्य कर रहा है। पत्रकार साथी निरंतर कार्य कर महत्वपूर्ण सूचनाओं को आम जन तक पहुँचाने के दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं।

श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांत अध्यक्ष श्री भदौरिया ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संगठन की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पत्रकार बीमा कराने की तिथि बढ़ाने की घोषणा की, जिसके कारण प्रदेश भर के पत्रकारों को लाभ हुआ है। उन्होंने इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पत्रकारों के हित में विभिन्न माँगों का एक ज्ञापन भी सौंपा। श्री भदौरिया ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पत्रकारों के हितों के लिये इन मांगों को प्रदेश सरकार शीघ्र पूर्ण करे। सम्मेलन में विधायक दिनेश गुर्जर, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, पूर्व विधायक बलवीर डण्डौतिया, आशीष अग्रवाल, श्रमजीवी पत्रकार संघ के ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रभारी सुरेश शर्मा, कार्यक्रम संयोजक राजकुमार दुबे, जिला अध्यक्ष रामशरण शर्मा एवं प्रदेश भर से आए पत्रकार साथी उपस्थित थे।

केन्द्रीय सचिव नीलम शमी राव ने उद्योग प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ निवेश एवं नीतिगत सुधारों पर की चर्चा

## नीति सरलीकरण और निवेश पर हुआ संवाद



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में 26 मार्च को व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरल और तेज़ बनाने पर केंद्रित दो उच्चस्तरीय बैठकें आयोजित हुई। इन बैठकों में केन्द्रीय कपड़ा मंत्रालय की सचिव श्रीमती नीलम शमी राव, प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह, सचिव, एमपीआईडीसी के प्रबंध निदेशक चंद्रमौली शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठकों में व्यापारिक नियमों को उद्योग-अनुकूल बनाना, नीतियों को सरल करना और निवेश प्रक्रिया को तेज़ करने के लिये विचार-विमर्श हुआ। इस दिशा में सरकार द्वारा किए गए सुधारों पर विस्तृत चर्चा हुई और उद्योगों की जरूरतों के अनुसार नए उपायों पर सुझाव लिए गए। प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह वर्कशॉप की विस्तृत जानकारी दी। सचिव, केन्द्रीय टेक्सटाइल श्रीमती शमी राव ने नीति सरलीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। टास्क फोर्स द्वारा व्यापारिक प्रक्रियाओं को आसान बनाने और निवेशकों के लिए बाधाओं को कम करने पर प्रेजेन्टेशन दिये गए। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश में इस दिशा में हुए कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। बैठक में उद्योग जगत को हो रही व्यावसायिक दिक्कतों पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसके समाधान के लिये सरल नीतियों, डिजिटल प्रक्रियाओं और सिंगल-विंडो सिस्टम को और प्रभावी बनाने की प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान टास्क फोर्स द्वारा उद्योगों की प्रक्रियाओं को आसान बनाने के लिए पहचाने गए 23 प्रमुख बिंदुओं पर उद्योग प्रतिनिधियों से सुझाव मांगे गए। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने राज्य में निवेश को और सुगम बनाने के लिए नीति सुधार, प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण, समयबद्ध मंजूरी व्यवस्था और अन्य आवश्यक पहलुओं पर अपने विचार साझा किए।

### नए सुझावों पर हुई चर्चा

बुधवार को आयोजित दूसरे सत्र में राज्य सरकार और उद्योग संघों के प्रतिनिधियों के बीच खुला संवाद हुआ। यह बैठक एमपीआईडीसी के कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें पीएचडीसीसीआई, फिक्की, लघु उद्योग भारती और सीआईआई सहित विभिन्न उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ईडी की रिपोर्ट: सौरभ का ही है जब्त 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपए

### सौ करोड़ की संपत्ति कुर्क

**भोपाल,देशबन्धु।** आरटीओ के पूर्व आरक्षक करोड़पति सौरभ शर्मा ने आयकर विभाग की जांच में भले ही यह स्वीकार नहीं किया है कि राजधानी के मेंडोरी में इनोवा कार नंबर एमपी 07 बीए 0050 में मिला 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपए नकद उसका नहीं है लेकिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भोपाल की रिपोर्ट में कहा है कि यह सोना और नकदी सौरभ की ही है। ईडी ने सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों चेतन सिंह गौर, शरद जायसवाल से पूछताछ के बाद सौ करोड़ 36 लाख की संपत्ति कुर्क कर ली है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भोपाल ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा है कि आयकर विभाग ने चेतन सिंह गौर की इनोवा कार से नकदी और सोना जब्त किया था। ईडी की जांच में पता चला है कि कार से जब्त नकदी और सोना सौरभ शर्मा का ही था। ईडी ने रिपोर्ट में कहा है कि पूर्व आरटीओ आरक्षक सौरभ शर्मा द्वारा अपने और रिश्तेदारों, सहयोगियों के नाम पर करोड़ों रुपए की संपत्ति जुटाई है। इसकी पड़ताल के बाद ईडी ने इन सबके स्वामित्व वाली, कंट्रोल वाली फर्म, कंपनियां, सोसायटी के नाम पर अर्जित 92 करोड़ 7 लाख रुपए की चल और अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। ईडी ने इन संपत्तियों को उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक अनुपातहीन संपत्ति अर्जित करने के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत आपराधिक आय (पीओसी) दर्शाते हुए यह कार्रवाई की है। ईडी ने कहा है कि पहले भी तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की गई थी जिसके कारण 8.29 करोड़ रुपए के बैंक बैलेंस वाले बैंक खातों को फ्रीज कर दिया था और ढाई करोड़ रुपए की नकदी जब्त की गई थी। साथ ही 14.20 लाख रुपए नगद और 9 लाख 17 हजार लाख रुपए की चांदी जब्त की गई है। अब तक ईडी द्वारा इस मामले में कुल 100 करोड़ 36 लाख रुपए की कुर्की और जब्ती की गई है। ईडी की रिपोर्ट के अनुसार सौरभ शर्मा के सहयोगियों, संस्थाओं में शरद जायसवाल, चेतन सिंह गौर, मेसर्स अविरल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स अविरल एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स यू आर इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड आदि शामिल हैं। इस मामले में इससे पहले सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल को गिरफ्तार किया गया था और वे वर्तमान में न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं।



### इधर, पूर्व उपनिदेशक की 95 लाख की संपत्ति भी कुर्क

इधर, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इंदौर उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने एक अन्य कार्यवाही में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत नगरीय प्रशासन विकास विभाग इंदौर एवं उज्जैन पूर्व उप निदेशक अशोक शर्मा के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति के मामले में कार्यवाही की है। शर्मा के विरुद्ध की गई जांच के 95 लाख रुपए की अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। ईडी ने लोकायुक्त पुलिस उज्जैन द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की, जिसमें 1 अप्रेल 1998 से 17 जनवरी 2010 तक की जांच अवधि के दौरान आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक एक करोड़ 64 लाख रुपए की संपत्ति रखने का आरोप लगाया गया था। ईडी की जांच से पता चला है कि अशोक शर्मा ने अपने और अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर विभिन्न चल और अचल संपत्तियों के अधिग्रहण के माध्यम से अपराध की आय (पीओसी) अर्जित की है।

कांग्रेस ने उठाया सवाल, सरकार से पूछा-

## क्या हिंदी विवि चला सकता है सर्जरी का पाठ्यक्रम



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने हिंद्री विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे मान्यता विहीन पाठ्यक्रमों पर सवाल उठाए है। प्रदेश कांग्रेस विचार विभाग के अध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता ने आज पत्रकार वार्ता में बच्चों को भ्रमित करने वाले ऐसे विज्ञापन भी विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए जा रहे हैं। जिसमें बताया जा रहा है कि शासन ने इन पाठ्यक्रमों को मान्यता देने का लगभग निर्णय ले लिया है। सैकड़ों की तादाद में इन पाठ्यक्रमों में मध्यप्रदेश एवं अन्य राज्यों से विश्वविद्यालय और उसके द्वारा चलाए जा रहे अध्ययन केंद्रों में धड़ल्ले से प्रवेश कराए जा रहे हैं। यह शासन के नाम पर विद्यार्थियों के साथ धोखाधड़ी का मामला प्रतीत होता है। व्यापक स्तर पर ऐसे गैर मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों को लागू कर करोड़ों रुपए प्रवेश एवं पाठ्यक्रम की फीस के रूप में वसूले जा रहे हैं।उन्होंने मप्र सरकार ने 16 दिसंबर 2024 को विधानसभा पूछे सवाल के जवाब का उल्लेख किया। जिसमें कहा गया था कि बैचलर ऑफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एवं सर्जरी नाम के किसी कोर्स को सरकार के आयुष विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है। श्री गुप्ता ने कहा कि इसके बाद भी अटल बिहारी वाजपेई हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल में इन पाठ्यक्रमों में दाखिला किया जा रहा है। श्री गुप्ता ने मांग की है कि सरकार इस बात की सीबीआई जांच कराएं कि अब तक कितने विद्यार्थी इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले चुके है? कितनी फीस वसूली गई है? विश्वविद्यालय में इन विषयों की विशेषज्ञ फेकल्टी कौन है? क्या इलेक्ट्रोहोम्योपैथी उपचार करने या सर्जरी करने की मान्य पैथी है?

उच्च न्यायालय ने गुमराह करने पर जताई नाराजगी

## लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता पर लगाया 1 लाख का जुर्माना

**जबलपुर/भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही निर्देशित किया है कि यह जुर्माना उन्हें अपनी जेब से भरना होगा, जुर्माने की राशि न्यायालय की विधिक सेवा समिति कोष में जमा जाए। मुख्य अभियंता पर न्यायालय को गुमराह करने का आरोप है। इस पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा- क्या मूर्ख समझते हो? न्यायालय ने इस मामले में विभाग के प्रमुख सचिव को मुख्य अभियंत्रता के खिलाफ विभागीय जांच कर रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है।

अवमानना याचिका बालाघाट निवासी कृष्णकुमार ठकरेले सहित 6 अन्य ने लगाई थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मोहन लाल शर्मा और शिवम शर्मा ने न्यायालय में पक्ष रखा। इस मामले में मुख्य अभियंता एससी वर्मा ने 19 सितंबर 2024 को आदेश जारी किए थे जिसमें उन्होंने कहा था कि याचिकाकर्ता नियमितिकरण की पात्रता नहीं रखते हैं। मुख्य अभियंता वर्मा ने वित्त विभाग के एक परिपत्र का हवाला देते हुए कहा था कि सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को नियमित कर दिया है। न्यायालय ने उनके जवाब के अवलोकन में पाया कि वर्मा न्यायालय को गुमराह कर धोखा दे रहे हैं।

जिसके बाद न्यायालय ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि विभाग के पीडब्ल्यूडी विभाग के इंजीनियर इन चीफ राजेंद्र मेहरा को व्यक्तिगत रूप से इस न्यायालय के प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उपस्थित रहने के निर्देश दिए जाते हैं। वे अपने साथ याचिकाकर्ता के प्रकरण की संपूर्ण फाइल भी लेकर 25 मार्च को उपस्थिति सुनिश्चित करानी होगी। मामला सर्वप्रथम सुना जाएगा।

उच्च न्यायालय ने जस्टिस विवेक अग्रवाल ने 2 सप्ताह के भीतर पूर्व आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी मुख्य अभियंता को दिए थे। न्यायालय ने अपने आदेश में साफ किया था कि यदि आदेश का पालन नहीं हुआ तो अगली सुनवाई के दौरान मुख्य अभियंता फिर हाजिर रहेंगे। 25 मार्च को हुई सुनवाई के दौरान पूर्व आदेश के पालन में पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता कृष्ण पाल सिंह राणा भी न्यायालय में हाजिर हुए।

### उच्च न्यायालय ने प्रमुख सचिव को दिए कटनी में जमीन फर्जीवाड़े की जांच के निर्देश

**भोपाल, देशबन्धु।** जबलपुर उच्च न्यायालय ने नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव को कटनी में करोड़ों रुपए की कीमती जमीन के फर्जीवाड़े की जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही जांच के लिए 6 सप्ताह की समय सीमा भी निर्धारित की है। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत और न्यायाधीश विवेक जैन की युगल पीठ ने याचिका को निराकरण करते हुए याचिकाकर्ता को जांच से संतुष्ट न होने पर मामले को उचित फोरम में फिर से उठाने की स्वतंत्रता भी दी है।

नगरनिगम कटनी के पूर्व अध्यक्ष संतोष शुक्ला ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों की मनमानी, राजनीतिक दखलांदाजी सहित फर्जीवाड़े का मुद्दा उठाया था। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता सिद्धार्थ गुलाटी व तुलिका गुलाटी के मुताबिक नगर सुधार न्यास कटनी (वर्तमान नगर पालिक निगम कटनी) द्वारा पूर्व में आम जनता को रियायती दरों पर आवासीय भू-खण्ड उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से बनाई गईं कटनी नगर की सभी आवासीय व व्यवसायिक योजनाओं की भूमियां को व्यापक भ्रष्टाचार कर खुर्द-बुर्द किय गया। इससे शासन को हजारों करोड़ रुपए की आर्थिक क्षति पहुंची है। याचिका में प्रशासनिक अधिकारियों ने राजनीतिक व्यक्तियों एवं भू-माफियों से सांठगांठ और भ्रष्टाचार कर निजी व्यक्तियों को हजारों करोड़ का अवैध लाभ पहुंचाया गया। उक्त जमीन 1.26 हेक्टेयर बरगवां ग्राम की भूमि यश लॉजिस्टक प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर खरीदी गई तो 7.325 हेक्टेयर अतिशा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट के नाम खरीदी। जमीन की मौजूदा कीमत लगभग 200 करोड़ रुपए बाताई जा रही है।

## वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ पटना में प्रदर्शन, लालू और तेजस्वी भी हुए शामिल

**पटना, एजेंसी।** वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और देशभर के प्रमुख धार्मिक और सामाजिक मुस्लिम संगठनों ने बुधवार को पटना के गर्दनीबाग में धरना दिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग भी पहुंचे। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू यादव और विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव भी धरना स्थल पहुंचे और इन संगठनों का पुरजोर समर्थन करने की घोषणा करते हुए बिल के विरोध करने की बात कही।

इस विरोध में इमारत-ए-शरिया जैसे संगठनों के साथ-साथ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता भी शामिल हुए। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के साथ ही तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार के इस बिल को असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि हम आखिरी दम तक इस बिल का विरोध करेंगे। यह बिल मुसलमानों के अधिकारों का हनन करने वाला है। लालू यादव ने कहा- गलत हो रहा है। सरकार को देखना चाहिए। हम इसके विरोध में हैं। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। नीतीश कुमार उन लोगों के साथ हैं, वो इस बिल का समर्थन कर रहे हैं। जनता सब समझ रही है। तेजस्वी यादव ने भी लालू यादव की ओर इशारा करते हुए कहा कि इस उम्र में भी ये यहां पहुंचे हैं, यह बताता है कि ये इस बिल के विरोध में हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारे नेता लालू यादव आपके साथ खड़े होने के लिए धरना स्थल पर आए हैं। चाहे हमारी पार्टी सत्ता में हो या नहीं हो, लेकिन हम लोग इस बिल का विरोध करते रहेंगे। तेजस्वी ने कहा कि किसी भी कीमत पर नागपुरिया कानून लागू नहीं होने देंगे। प्रशांत किशोर भी गर्दनीबाग पहुंचे और वक्फ बिल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया।

### एनडीए के खिलाफ नाराजगी जताई

इस धरने में विभिन्न मुस्लिम संगठनों से जुड़े लोग भी शामिल हुए। धरना स्थल पर पहुंचे लोगों ने भाजपा समेत एनडीए के उन राजनीतिक दलों के खिलाफ भी नाराजगी जताई, जिन्होंने बिल का समर्थन किया है। बिहार के कई जिलों से भी लोग यहां पहुंचकर इस धरने में शामिल हुए।

### सरकार गैर लोकतांत्रिक तरीके से काम करना चाहती है : नदवी

समाजवादी पार्टी के सांसद महिबुल्लाह नदवी ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि वह गैर लोकतांत्रिक तरीके से काम करना चाहती है। नदवी ने सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह केवल शुरुआत है और आगे यह सरकार हिंदू तथा मुस्लिम संगठनों के मामलों में भी हस्तक्षेप करेगी, जो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकार को दूसरों के धर्म में दखल देने का कोई अधिकार नहीं है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।